RNI: UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

# द अचीवर टाइम्स

वर्ष : 9 अंक : 232
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया
लखनऊ, शुक्रवार, 15 दिसम्बर, 2023



## एक नज़र

### मामा का दिखा अलग अंदाज, पूर्व सीएम खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर चने की बुआई करते आए नजर

**विदिशा।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नए सीएम की शपथ के एक दिन बाद अलग अंदाज में दिखे। शिवराज सिंह चौहान विदिशा स्थित अपने खेत पहुंचे और ट्रैक्टर लाकर चने की बुआई करते नजर आए। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधायक दल की बैठक में डॉ. मोहन यादव के नाम का एलान होने के बाद राजभवन जाकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद भी शिवराज सिंह चौहान लगातार चर्चा में बने हुए हैं। अब शिवराज एक नए अंदाज में दिखाई दिए है। शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को विदिशा पहुंचे। यहां पर शिवराज सिंह ने अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर चने की बुआई की। शिवराज सिंह चौहान ने अपने सोशल मीडिया पर अपने खेत में ट्रैक्टर चलाने का वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि अपने मध्य प्रदेश की माटी सोना उगलती है... धरती मां धन-धान्य से घरों को खुशहाल बना देती है। पसीने की कुछ बूंदों से माटी को नमन किया। आज खेतों की जुताई कर चने की बुआई की। बता दें इससे पहले शिवराज सिंह चौहान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर भाई और मामा के साथ पूर्व मख्यमंत्री लिख दिया।

### मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद के सर्वेक्षण को मंजूरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि से सटी शाही ईदगाह मस्जिद का अपनी देखरेख में सर्वेक्षण कराए जाने को मंजूरी दे दी। यह सर्वेक्षण हाईकोर्ट की ओर से तय एडवोकेट कमिश्नर की निगरानी में होगा। श्री कृष्ण विराजमान की ओर से दाखिल अर्जी पर कोर्ट ने यह मांग स्वीकार कर ली है। सर्वे का तरीका क्या अपनाया जाए, कोर्ट इस पर 18 दिसंबर को सुनवाई करेगा। जस्टिस मयंक कुमार जैन की एकल पीठ ने यह फैसला दिया। श्रीकृष्ण जन्मभूमि से सटी शाही ईदगाह मस्जिद को मंदिर का ही हिस्सा बताए जाने से जुड़ी सभी 18 याचिकाओं पर अयोध्या जन्मभूमि विवाद की तर्ज इलाहाबाद हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा है। श्री कृष्ण विराजमान की ओर से दाखिल अर्जी में एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त करके सर्वेक्षण कराए जाने की मांग की गई थी।

# संसद की सुरक्षा में चूक

## पकड़े गए आरोपियों ने बताया- संसद के अंदर क्यों कूदे, गेट पर लगे DFMD 10-15 साल पुराने

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोपी सागर शर्मा व मनोरंजन डी ने पुलिस के सामने कबूल किया है कि गैलरी में न तो उनको कोई देख रहा था और न ही वह सीसीटीवी कैमरों की जद में थे। जबकि उनको देश का अपनी तरफ ध्यान खींचना था। ऐसे में हंगामा करने के लिए वह संसद भवन में कूद गए। सुर्खियों व कैमरों में आने लिए वह संसद के अंदर टेबलों पर छलांग लगाते रहे। दोनों आरोपियों ने यह बातें दिल्ली पुलिस व खुफिया विभाग की संयुक्त पूछताछ में बताई हैं। उधर, संसद भवन के गेट नंबर-2 पर लगे डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी) भी जांच के दायरे में है। पुलिस अधिकारियों की मानें तो डीएफएमडी 10-15 साल पुराना है। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी विजिटर गैलरी में ही हंगामा करना चाहते थे, मगर विजिटर गैलरी में न तो उन्हें कोई देख रहा था और न ही कैमरों की जद उन तक थी। वह विजिटर गैलरी में काफी देर बैठे रहे। इसके बाद वह संसद भवन में कूद गए। आरोपियों का कहना है कि कैमरों में आने के लिए वह संसद भवन में कूदे थे। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नए संसद के गेट नंबर दो पर लगा डीएफएम 10-15 साल पुराना है। ऐसे में डीएफएम स्मोट स्टिक (स्मोक केन) को पकड़ नहीं पाया था। ऐसे में माना जा रहा है कि डीएफएम ठीक से काम नहीं कर रहा था। इस अधिकारी का कहना है कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि नई संसद में पुरानी संसद भवन के डीएफएम को ही लगा दिया था। ऐसे में सर्चिंग-फिगिंग ठीक से नहीं हो रही थी। इस कारण डीएफएमडी भी जांच के दायरे में आ गया है। सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार नई संसद भवन में चेहरे की पहचान कर पकड़ने वाले नए कैमरे लगाए हैं।

### 'गैलरी में न तो हमें कोई देख रहा था और न ही हम सीसीटीवी कैमरों की जद में थे...'



**संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में मास्टरमाइंड ललित झा ने गुरुवार रात को दिल्ली पुलिस के सामने समर्पण कर दिया। इस बात की जानकारी दिल्ली पुलिस ने दी है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ललित से पूछताछ की जा रही है। बता दें कि ललित घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। ललित को इस घटना में मास्टर माइंड बताया जा रहा था और इसकी तलाश में पुलिस लगातार जगह-जगह छापे मार रही थी।**

### डेढ़ साल पहले मैसूरु में मिले थे सभी आरोपी

पुलिस सूत्र के अनुसार, सभी आरोपी डेढ़ साल पहले मैसूरु में मिले थे। सागर लखनऊ से जुलाई में दिल्ली आया था, लेकिन संसद भवन में प्रवेश नहीं कर सका था। वहीं 10 दिसंबर को बाकी के आरोपी अपने-अपने राज्यों से दिल्ली पहुंचे। इंडिया गेट के पास वे इकट्ठा हुए जहां रंगीन पटाखे बांटे गए। पुलिस ने बताया कि गुप्त तरीके से आपत्तिजनक वस्तुओं को संसदभवन के अंदर ले जाया गया।

### हमलावरों का गुरपतवंत से कनेक्शन खंगाल रही पुलिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 13 दिसंबर 2023 को देश की संसद पर हमला करने वाले छह हमलावरों का पुलिस सिख चरमपंथी गुरपतवंत सिंह पन्नू से कनेक्शन खंगाल रही है। पुलिस को आशंका है कि स्वयं गुरपतवंत सिंह पन्नू या उसके हिंदुस्तानी हैंडलर्स ने इन हमलावरों की विचारधारा को देखते हुए इनसे संपर्क किया और उन्हें संसद पर हमला करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस इस बात की भी तलाश कर रही है कि क्या इसके बदले इन हमलावरों को पन्नू के द्वारा मोटी रकम चुकाई गई? आने वाले समय में इन रहस्यों पर से पर्दा उठ सकता है। हमलावरों का पन्नू से कनेक्शन होने की आशंका के पीछे स्वयं उसकी वह धमकी है, जिसमें उसने 13 दिसंबर को संसद पर हमला करने की बात कही थी। पुलिस को आशंका है कि इस हमले की योजना काफी पहले से बना ली गई थी और हमले के लिए 13 दिसंबर का दिन चुना गया था। पन्नू इसके बहाने अपने पाकिस्तानी आकाओं को खुश करने की कोशिश कर रहा हो सकता है। माना जा रहा है कि इस हमले के बहाने वह भारत में सनसनी पैदा कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहता था। इससे उसकी पाकिस्तानी आतंकी संगठनों के बीच पहुंच और स्वीकार्यता ज्यादा बड़ी हो जाएगी और इससे उसे लाभ होगा। इसके पहले दिल्ली मेट्रो की दीवारों पर एक-दो बार कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियां लिखी गई थीं। उसे भी पन्नू के गुर्गों की शरारत बताया गया था। इस बार वह कुछ बड़ा करके भारत में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहता था और इसी के लिए उसने इन हमलावरों का इस्तेमाल किया।

**मोबाइल खोलेगा राज**

हमलावरों ने गुरुग्राम में रुकने के दौरान जिस मोबाइल का इस्तेमाल किया था, उसमें हमले की योजना के साथ-साथ पन्नू गैंग से उसके कनेक्शन की असलियत सामने आ सकती है। पुलिस छठे आरोपी ललित झा की तलाश कर रही है, जो संसद पर हमले के बाद भागने में सफल रहा था।

#### दिल्ली व बाहर किसी भी आंदोलन में भाग नहीं लिया

संसद भवन के अंदर स्मोक केन चलाने वाले सागर शर्मा व मनोरंजन डी ने खुलासा किया है कि उन्होंने दिल्ली व दिल्ली से बाहर अन्य राज्य में न तो किसी आंदोलन और न ही किसी धरने में भाग लिया है। आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा है कि वह किसी आंदोलन में भाग लेने की बजाय ऑनलाइन देखते थे। हर आंदोलन व धरना-प्रदर्शन को वह ऑनलाइन देखते थे। इसके बाद ही वह अपनी विचारधारा को आगे बढ़ाते।

## असम के जोरहाट में सैन्य स्टेशन के पास विस्फोट



एजेंसी


**जोरहाट।** गुरुवार को असम के जोरहाट जिले में सैन्य स्टेशन के पास एक विस्फोट धमाका हुआ है। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

असम के जोरहाट जिले में गुरुवार शाम करीब साढ़े सात बजे जोरहाट स्थित मिलिट्री स्टेशन के मुख्य गेट पर धमाका हुआ है। लोगों ने इस धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनी। अभी तक किसी के हताहत की जानकारी नहीं है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार असम के जोरहाट जिला स्थित लिचुबारी स्थित मिलिट्री स्टेशन के मुख्य गेट के पास जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज काफी दूर तक लोगों को सुनाई दी। घटना शाम करीब साढ़े सात बजे की बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक मिलिट्री स्टेशन के गेट के पास यह धमाका हुआ। इसमें किसी के हताहत की खबर नहीं है। धमाके की आवाज के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मिलिट्री स्टेशन पहुंच गए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले इसी जिले के काकोजान में शाम को करीब 6.30 बजे मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने फायरिंग की। उल्लेखनीय है कि आज के हमले को आंतकवादी गुट उल्फा (आई) का हमला माना जा रहा है। क्योंकि कुछ दिन पहले ही उल्फा (आई) ने असम पुलिस को ऊपरी असम में तीन आतंकी हमला करने की खुली चिट्ठी लिखकर धमकी दी थी। इससे पहले उल्फा (आई) ने 22 नवंबर, 2023 को तिनसुकिया जिले में सेना के कैंप के पास एक धमाका और एक धमाका शिवसागर जिले में सीआरपीएफ कैंप के नजदीक 9 दिसंबर को किया था। इन दोनों ही हमलों में किसी के हताहत की खबर नहीं है। इसलिए आज जोरहाट में जो संदिग्ध धमाका हुआ, उसे इसी कड़ी में देखा जा रहा है।

## संसद सुरक्षा चूक पर राजनीति कर रहा विपक्षः शाह

### शाह ने 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर किया बड़ा दावा

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सुरक्षा में चूक नहीं होनी चाहिए थी, लेकिन उस कमी को दूर करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने इस मामले को राजनीति मुद्दा नहीं बनाने का आह्वान किया।**



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में सुरक्षा चूक पर विपक्ष के हमलावर रुख पर पलटवार किया है। इस मुद्दे पर पहली बार अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे पर राजनीति कर रहा है। एक टीवी चैनल के कार्यक्रम में अमित शाह ने संसद में बुधवार को हुई सुरक्षा चूक पर कहा, यह एक गंभीर मामला है। बेशक इसमें चूर रही, लेकिन सभी को मालूम है कि संसद की सुरक्षा स्पीकर के अधीन है और उन्होंने गृह मंत्रालय को इस बारे में पत्रा लिखा था। शाह ने कहा, हमने एक जांच समिति गठित कर दी है और उसकी रिपोर्ट जल्द ही स्पीकर को सौंप दी जाएगी। गृह मंत्री ने आश्वस्त किया कि समिति को इस मामले की जांच के साथ ही लोकसभा की सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए भी सुझाव देने को कहा है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में चूक नहीं होनी चाहिए थी, लेकिन उस कमी को दूर करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने इस मामले को राजनीति मुद्दा नहीं बनाने का आह्वान किया।

#### पीएम मोदी तीसरी बार भी सरकार बनाएंगे : शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2024 में निश्चित रूप से एक बार फिर से सरकार बनाएंगे। शाह ने पूरे विश्वास के साथ कहा कि सत्ताधारी भाजपा संसदीय चुनाव में 2019 से भी बड़ी जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा, पीएम मोदी लगातार तीसरी बार सरकार बनाएंगे यह एकदम स्पष्ट है। हाल में हुए चुनाव में तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के चयन पर उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपने अच्छे कार्यकर्ताओं को सीएम के रूप में चयन किया है। उन्होंने शिवराज सिंह चौहान, रमन सिंह और वसुंधरा राजे के बारे में कहा, जब इन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया था, तब वे साधारण कार्यकर्ता थे। लेकिन उन्हें भरपूर अवसर दिया गया।

## घर बैठे कमाई का लालच देकर ठगे 57 लाख रुपये

एजेंसी

**नोएडा।** साइबर क्राइम थाने को दी शिकायत में सेक्टर 50 कैलाश धाम अपार्टमेंट के नवनीत शर्मा ने बताया कि उनके पास कुछ समय पहले वाट्सएप पर इशा नाम की एक युवती का मैसेज आया था। जिसने खुद को एक ऑनलाइन रेटिंग देने वाली कंपनी का एचआर मैनेजर होने की बात कही। महिला ने उनकी कंपनी के साथ वह पार्ट टाइम नौकरी करके लाखों रुपये कमा सकते हैं। उनको कुछ टास्क पूरे करने पड़गें। उनको एक टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया गया। ग्रुप में 200 लोग पहले से जुड़े थे। आरोपितों ने उनको कुछ यूट्यूब और ई- कामर्स वेबसाइट के ऑनलाइन पेज को अच्छा रेटिंग और रिव्यू करने का टास्क दिया, जिसको उन्होंने पूरा कर दिया। उनको कुछ फायदा हुआ। आरोपित ने उनको दूसरे टास्क में ऑनलाइन ट्रेडिंग करने के लिए कहा और उनका एक अकाउंट बना दिया। इसके जरिये उन्होंने कई कंपनियों के शेयर में निवेश किया। उनकी रकम लाखों में पहुंच गई तो उनके अकाउंट को बंद कर दिया गया। फिर से अकाउंट को खोलने का झांसा देकर आरोपी ने कई बार में 57 लाख रुपये ले लिए। जब अपने रुपये मांगे तो उनको टेलीग्राम ग्रुप से बाहर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**बैंक कर्मचारी बता कर युवक से 7 लाख 82 हजार ठगे**

साइबर क्राइम थाने को दी शिकायत में किनसजी गाडपायले ने बताया कि उनके पास कुछ दिन पहले एक व्यक्ति ने फोन किया था। आरोपित ने खुद को उनकी बैंक का कर्मचारी बताकर कहा कि खाते में पैन कार्ड अपडेट नहीं है। जिसके कारण उनके बैंक खाते को फ्रीज कर दिया गया है। जल्द उनकी ऑनलाइन सारी सुविधाएं बंद हो जाएंगी। जालसाज ने खाते को चालू करने के लिए ऑनलाइन पैन कार्ड को अपडेट कराने की बात कही और इसके लिए पीड़ित के फोन पर एक बैंक का लिंक शेयर किया। जैसे ही पीड़ित ने लिंक को क्लिक किया, उनका फोन हैक हो गया। जालसाजों ने कई बार में उनके बैंक के खाते से कुल 7 लाख 82 हजार रुपये निकाल लिए। बैंक से लगातार रुपये कटने का मैसेज आने के बाद उनको ठगी की जानकारी हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि अज्ञात व्यक्ति को बैंक संबंधी जरूरी जानकारी साझा नहीं करें।

## दिल्ली की हवा बेहद खराब

### NCR में राजधानी की हवा सर्वाधिक प्रदूषित




एजेंसी

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की दिशा व गति बदलने से प्रदूषण में आंशिक गिरावट दर्ज की गई है। लेकिन, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) अब भी बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। 29 इलाकों में हवा बेहद खराब व व सात इलाकों में खराब श्रेणी में रही। यहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार दर्ज किया गया। एनसीआर में दिल्ली की हवा एक बार फिर सर्वाधिक प्रदूषित रही। गुरुवार को एक्यूआई 326 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब श्रेणी है। यह बुधवार के मुकाबले 52 सूचकांक कम है। दिल्ली की हवा समग्र रूप से बेहद खराब श्रेणी में बनी रही। कमोबेश रविवार को हवा बेहद खराब से निकलकर खराब श्रेणी में पहुंचेगी। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक गुरुवार को हवा दक्षिण-पश्चिम से उत्तर दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति चार से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे रही। शुक्रवार को हवा पश्चिम से उत्तर दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रहने के आसार है। वहीं, सुबह के समय धुंध व कोहरा छाए रहने की आशंका है। ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी। शनिवार को हवा उत्तर-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा की ओर से चलेगी। इस दौरान हवा की चाल चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है।

**29 इलाकों में हवा रही बेहद खराब श्रेणी में**

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक दिल्ली में गुरुवार को 29 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इनमें बवाना में सबसे अधिक सूचकांक दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 380 रहा। मुंडका में 366, वजीरपुर में 361, विवेक विहार में 357, पंजाबी बाग में 356 व सोनिया विहार में 354 सूचकांक दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब श्रेणी है। साथ ही, सात इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इनमें नजफगढ़ में 296, डीटीयू में 290, मथुरा रोड़ में 282, श्री अरबिंदो मार्ग में 279, लोधी रोड़ में 260 व दिलशाद गार्डन में 248 सूचकांक दर्ज किया गया।

**एनसीआर में दिल्ली की हवा रही सबसे अधिक प्रदूषित**

सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक अधिक दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 326 रहा, जोकि बेहद खराब श्रेणी है। फरीदाबाद में 278, गाजियाबाद में 264, नोएडा में 282, ग्रेटर नोएडा में 277 व गुरुग्राम में 282 एक्यूआई दर्ज किया गया।

## विद्युत उपकेंद्र छुइयापुरवा में जेई की मनमानी से पनप रहा भ्रष्टाचार

### उपभोक्ताओं की समस्याओं का निवारण नही, उपभोक्ता परेशान



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** सरकार द्वारा कुछ कारणों से बिजली दरों में बढोत्तरी की गई जिसका सीधा असर उपभोक्ताओं पर दिखाई दिया। बढ़ती बिजली दरों के दंश से तो आमजन जूझ ही रहे हैं। ऐसे में अगर लेसा विभाग में भ्रष्टाचार भी पनपने लगे तो यह दंश कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। दरसल लेसा विभाग के कुछ भ्रष्ट अफसरों की वजह से विभाग को शर्मसार होना पड़ता है। ऐसे ही भ्रष्टाचार की बानगी विद्युत उपकेंद्र छुइयापुरवा पर जारी है। उपकेंद्र पर तैनात जेई विशाल चौधरी की मनमानी व भ्रष्टाचार से यह उपकेंद्र निरंतर शर्मसार होता दिख रहा है। विदित हो कि हाल में ही तत्कालीन जेई राम अचल व उसके बाद एक अन्य जेई की पोस्टिंग यहाँ हुई थी। इसके कुछ दिनों के बाद ही विशाल चौधरी को छुइयापुरवा पर तैनाती मिली और तबसे ही वह विवादों के घेरे में हैं।

#### एकमुश्त समाधान योजना में भी लापरवाही

सूत्र बताते हैं कि छुइयापुरवा उपकेंद्र पर एकमुश्त समाधान योजना ( ओटीएस ) का लाभ भी उपभोक्ताओं को सही से नही मिल पा रहा है। सरकार ने बिजली विभाग में एकमुश्त समाधान योजना निकाली ताकि उपभोक्ताओं पर दबाव कम हो सके। योजना के लाभ के लिए अंतिम तारीख 31 दिसंबर है। लेकिन छुइयापुरवा अंतर्गत उपभोक्ता महज यहाँ के अधिकारियों की लापरवाही के चलते लाभ नही पा रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक उपभोक्ता ने बताया कि लाइन मैन व कुछ अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ओटीएस योजना के लाभ तो बता रहे हैं लेकिन उपकेंद्र पर ओटीएस काउंटर पर न ही जेई विशाल मौजूद होते है और न ही कोई अधिकारी।

#### अधिकारियों का संरक्षण नही तो कैसे भ्रष्टाचार

विदित हो कि विशाल चौधरी का विवादों से नाता पुराना है और उनके भ्रष्टाचार के किस्से आम हो गए है। ताजा मामलों पर प्रकाश डालें तो सूत्र बताते है कि जेई विशाल पर आरोप है कि उन्होंने पचास हजार रुपये लेकर घरेलू कनेक्शन को कामर्शियल कर दिया। यह परिसर सरोज तिवारी पत्नी रवि शंकर का है। सरोज खसरा संख्या 143 रसूलपुर कायस्थ की निवासिनी हैं। वही सूत्र यह भी बताते हैं कि जेई विशाल चौधरी ने सुनीता गुप्ता पत्नी संजय के परिसर मकान संख्या 37 आदिल नगर कुर्सी रोड पर आठ लाख रुपये बकाये के बावजूद विद्युत संयोजन दे दिया। एक और प्रकरण में 50 मीटर दूरी का विद्युत संयोजन का एस्टिमेट बनवाया व टीसी बनवाकर पैसा ले लिया पर एस्टिमेट जमा नही किया। ऐसे में सवाल उठता है कि जेई के ठीक बगल में बैठे एसडीओ साहब को क्या ऐसे भ्रष्टाचारों की भनक तक

# विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रदेश में 16 दिसम्बर से आरंभ होगी

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनहित और जनकल्याण की मंशा के क्रियान्वयन को पूरा करेगी यह यात्रायात्रा

❖ क्रियान्वयन मोदी की गारंटी की साख और गरिमा के अनुरूप हो मुख्यमंत्री डॉ. यादव 15 दिसम्बर को सांसद, विधायक सहित सभी जनप्रतिनिधियों से यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में करेंगे वर्च्युअल संवाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन में 16 दिसम्बर को यात्रा में होंगे शामिल।

❖ मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की समीक्षा और दिए निर्देश।

❖ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में 16 दिसम्बर से आरंभ हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में।




**द. अवीचर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**

**मध्य प्रदेश, कटनी।** कमिश्नर-कलेक्टर्स को मंत्रालय में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जनहित और जनकल्याण के लिए आरंभ की गई यात्रा का क्रियान्वयन मोदी की गारंटी की साख और गरिमा के अनुरूप हो। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं, लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ आरंभ की जा रही है। प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना, योजनाओं का प्रचार-प्रसार और जागरूकता, लाभार्थियों के अनुभव साझा करना औरद्ध संभावित लाभार्थियों का चयन तथा नामांकन सुनिश्चित करना यात्रा का उद्देश्य है। 26 जनवरी 2024 को यात्रा का समापन गणतंत्र दिवस पर होगा कटनी के कलेक्ट्रेट स्थित एन आई सी के कक्ष से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर अवि प्रसाद और जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत सहित अन्य अधिकारी वर्चुअली जुड़े रहे।मध्यप्रदेश के सभी जिलों में यात्रा का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ का सभी जिलों में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता तैयारी की जाएं, कहीं पर भी यात्रा की औपचारिकता न पूरी करें। यात्रा के सभी रूटों पर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री स्वयं भी दिनांक 15 दिसम्बर को सभी जिलों के जनप्रतिनिधियों से यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में वर्च्युअल संवाद करेंगे। अधिकारी-कर्मचारी व्यक्तिगत रूचि लेकर यात्रा में शामिल हों और यात्रा के उद्देश्य के अनुरूप सभी वंचित और पात्र व्यक्तियों तक यात्रा के लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और किसानों को यात्रा से जोड़ें ÷ स्वस्थ जीवनशैली के लिए सभी को प्रेरित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 16 दिसम्बर को उज्जैन से आरंभ हो रही ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ में भाग लेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि यात्रा में स्कूली बच्चों, महिलाओं, स्व-सहायता समूहों, वरिष्ठ नागरिकों, युवाशक्ति और किसानों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जाएं। ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ से फिट इंडिया के संदेश का भी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हों और जनसामान्य को पर्याप्त पोषण तथा एक्सरसाइज की आवश्यकता की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मोबाइल वैन के जिलों में भ्रमण के लिए रूट चार्ट तैयार करें और जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय सांसद, स्थानीय विधायक सहित अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा की तैयारियों के संबंध में डिण्डौरी, जबलपुर और उज्जैन के जिला कलेक्टरों से चर्चा की।

**यात्रा में सांस्कृतिक कार्यक्रम और कृषि कार्यों के लिये ड्रोन प्रदर्शन भी होगा**

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनहितैषी योजनाओं पर केन्द्रित है। यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र की 19 तथा शहरी क्षेत्र की 15 योजनाएं चिन्हित हैं, इनमें स्वस्थ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं की जानकारी और प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक जिले में ग्राम पंचायत तक मोबाइल वैन पहुँचेगी, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी का उद्बोधन, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होंगे। यह वैन सभी नगरीय निकायों में भी जाएगी तथा पम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित।

# बारात गये युवक की सन्दिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**बाराबंकी।** मामला ग्राम व थाना कोतवाली बदोसराय का है जंहा का रिषीकेश उम्र 25 वर्ष गांव के ही अजय राठौर की बारात मोहम्मदपुर खाला को अपनी ओमनी वैन से ड्राइवर सचिन व दो अन्य साथियों के साथ गया हुआ था। बारात में पंहुचकर वेटर से पानी मांगा पानी को लेकर तू तू मैं मैं हुयी रात करीब डेढ बजे रिषीकेश की हालत विगडने पर ड्राइवर उसे लेकर घर बदोसराय पंहुचा परिजन उसे लेकर मरकामऊ प्रायवेट चिकित्सक के पास गये। मरीज की हालत नाजुक देख डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल ले जानें की सलाह दी परिजन उसे लेकर हिन्द अस्पताल पहुंचे जंहा डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया परिजन रिषीकेश को लेकर बदोसराय आ गये। मामले की सूचना कोतवाली बदोसराय पुलिस को मिलते शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रफुल कुमार यादव ने बताया है कि रिषीकेश बदोसराय से मोहम्मदपुर खाला बारात गया था रास्ते में साथियों के साथ शराब पी देर रात हालत विगडने पर उसकी ओमनी वैन का ड्राइवर उसे घर बदोसराय लाया जिसे परिजन मरकामऊ प्रायवेट चिकित्सक के पास ले गये थे जिसे हिन्द अस्पताल ले गये जंहा उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिजन लाश लेकर बदोसराय पंहुचे सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया गया है।

# एक नज़र

## भारत विकसित यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सूरतगंज बाराबंकी।** भारत विकास यात्रा की योजनाओं का लाभ सरकार गांव-गांव पहुंच रही है। गुरुवार को ब्लॉक सूरतगंज क्षेत्र के शाहपुर ग्राम पंचायत में भारत विकसित यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार की चल रही तमाम योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। वहीं सरकार की उपलब्धियां बताते हुए सरकारी विभिन्न योजनाओं का बखान किया गया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि आशुतोष सिंह प्रधान रामसिंह एडीओ पंचायत ऋषिपाल सिंह सहित स्वास्थ्य व कृषि विभाग की पूरी टीम मौजूद रही।

## सुबेहा पुलिस ने देसी तमंचा के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**निंदूरा(बाराबंकी)** । बाराबंकी के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार के दिशा निर्देश में पूरे जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों वांछित अभियुक्तों एवं वारंटीओ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सुवेहा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है राजकुमार रावत पुत्र जगन रावत निवासी ग्राम बगिया मजरे क्रिसिया को गिरफ्तार किया अभियुक्त के कब्जे से एक आदत अवैध तमंचा मय एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया अभियुक्त के विरुद्ध सुबेहा थाने में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट अधिनियम पंजीकृत किया गया।

## मतदाता बनने के लिए कर सकते ऑनलाइन आवेदन

**हरदोई।** मतदाता सूची का घर-घर पुनरीक्षण काम नौ दिसंबर से बंद हो गया है। वंचित और सूची में नाम जुड़वाने के इच्छुक लोग कभी भी, कहीं से भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदनों के सत्यापन के बाद ही स्वीकृति व निरस्त करने का निर्णय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की ओर से लिया जाएगा। विधानसभावार फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान में बीएलओ की ओर से घर-घर और मतदेय स्थलों पर फार्म भराए गए। नौ दिसंबर से ऑफलाइन फार्म लेने का काम बंद हो गया। भारत निर्वाचन आयोग की स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना के लिए मताधिकार जरूरी के उद्देश्य से ऑनलाइन आवेदन का रास्ता खुला रखा गया है। आवेदक को आयु, निवास व भाग संख्या के प्रमाण के साथ ऑनलाइन आवेदन किए जाने की सुविधा दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ऑनलाइन प्राप्त आवेदन का सत्यापन कराया जाता है। उसी अनुसार निर्णय लिया जाता है।

**विधानसभावार प्राप्त फार्मों की स्थिति पर एक नजर**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पुनरीक्षण अभियान में यहां के आठ विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम जोड़े जाने के लिए 1,66,191 फार्म-06 प्राप्त हुए हैं। इनमें 18-19 आयु वर्ग के 59,793, महिलाओं के 1,13,042 और दिव्यांगजन के 107 फार्म शामिल हैं। नाम जोड़ने के लिए विधानसभा क्षेत्र सवायजपुर में 20,672, शाहाबाद में 18,322, हरदोई में 23,089, गोपामऊ में 21,697, सांडी में 21,596, बिलग्राम-मल्लावां में 21,630, बालामऊ में 20,867 व संडीला में 18,318 फार्म प्राप्त हुए हैं। 27 अक्तूबर से नौ दिसंबर तक चले मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान में जनपद ने फार्म जुटाने में ही नहीं जेंडर रेशियो में भी प्रदेश में अव्वल स्थान हासिल किया है। यहां पर सभी श्रेणी के कुल 2.31 लाख फार्म प्राप्त किए गए हैं। प्रति हजार पुरुष पर 908 महिला मतदाताओं को जोड़ा गया है। पहले यह संख्या प्रति हजार 858 थी। महिला मतदाताओं की संख्या को बढ़ाने के लिए अभियान के सार्थक परिणाम आएं हैं। ऐसे ही 18-19 आयु वर्ग के युवाओं के नाम सूची में जोड़े जाने की स्थिति में भी बढ़ोत्तरी हुई है। फार्म भरवाए जाने के बाद अब स्थिति 0.1 प्रतिशत से बढ़कर 1.8 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

**– मंगला प्रसाद सिंह, जिला निर्वाचन अधिकारी**

## 3.41 करोड़ की गड़बड़ी में 16 पूर्व प्रधानों को नोटिस

**हरदोई।** विकास खंड पिहानी की 16 ग्राम पंचायतों में 3.41 करोड़ रुपये के दुरुपयोग पर 16 पूर्व प्रधानों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। प्रकरण वर्ष 2019-20 का होने पर जिलाधिकारी ने साक्ष्य सहित जवाब मांगे हैं। चेतावनी दी है कि प्रकरणों का निस्तारण व संतोषजनक जवाब न होने पर दुरुपयोग राशि की वसूली कराई जाएगी। गांवों में विकास कार्यों में गड़बड़ी और शासकीय राशि के दुरुपयोग के प्रकरणों पर अब कार्रवाई को गति दी गई है। पिहानी की 16 ग्राम पंचायतों में वर्ष 2019-20 में 3,41,45,531 रुपये के दुरुपयोग की पुष्टि हुई है। पंचायतों के ऑडिट में इस राशि का न तो कोई हिसाब-किताब मिला और न ही तत्कालीन प्रधान व पंचायत सचिवों ने इन मामलों का निराकरण कराया। इससे दुरुपयोग मिली शासकीय राशि के संबंध में न तो अभिलेखों को प्रस्तुत किया गया और न ही कोई कार्रवाई हो सकी। जिलाधिकारी एमपी सिंह ने बताया कि विकास कार्य के नाम पर सरकारी धनराशि में गड़बड़ी पर कार्रवाई शुरू की गई है। पिहानी की 16 ग्राम पंचायतों के पूर्व प्रधानों को नोटिस जारी किए गए हैं। सभी से साक्ष्य सहित जवाब मांगे हैं। दो माह के अंदर जिला लेखा परीक्षा अधिकारी के यहां अपील करते हुए प्रकरणों के निस्तारण कराएंगे। प्रकरण निस्तारित न होने की दशा में वसूली की जाएगी।

# कूड़े में कूड़ेदान सड़क पर फैला कचरा



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ग्राम किंतूर में जगह जगह रखे कूड़ेदानों में कचरा का उचित प्रबंध नहीं किया गया है ग्रामीण में कूड़ेदान की सही व्यवस्था न होने से गलियों में कूड़े के ढेर लगते हैं। वहीं सफाई कर्मचारी भी कचरा उठाने की बजाय गलियों में ही आग के हवाले कर देते हैं। इसके चलते ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। कचरे से निपटने के लिए कोई ठोस नीति नहीं बना पाया है। जनसंख्या के हिसाब से कूड़ेदान में कचरा ना उठाना मुनासिब नहीं समझते हैं यही वजह से ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। कूड़ेदानों से तो सप्ताह में एक या दो दिन ही कूड़ा उठाया जाता है, जिससे दुर्गंध उठने के साथ ही वायु प्रदूषण भी हो रहा है। जो शहर के पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है।

# मैथिली ठाकुर के कार्यक्रम को देखने के लिए दर्शकों की लगी भीड़



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर बाराबंकी।** महादेवा महोत्सव में आज प्रसिद्ध गायिका मैथिली ठाकुर के कार्यक्रम को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड जुटी। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि खाद्य रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा,पूर्व सांसद भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रियंका सिंह रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी,पूर्व जिलाध्यक्ष शशांक कुसुमेश, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार, एडीएम अरुण सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। मैथिलि ठाकुर ने शंकर तेरी जटा में बहती है गंग धारा, डिम डिम डमरू बजावे ला हमार जोगिया हो हमार जोगिया,रामा रामा रटते रटते बीती जाय उमरिया ,आदि गीत प्रस्तुत किये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे, रामनगर पीजी कॉलेज आचार्य कौशलेंदर विक्रम मिश्र, सूरतगंज ब्लाक प्रमुख लकी सिंह,भाजपा नेत्री सरोज रावत, डीडीसी प्रतिनिधि नानमून शुक्ला, लेखपाल अजय सिंह, गुरुशरण,पूर्व बीडीसी अमित अवस्थी, बीडीसी प्रतिनिधि कमलेश अवस्थी, भाजपा विस्तारक अमित सिंह, भाजपा युवा नेता वैभव मिश्रा, सहित हजारों दर्शक उपस्थित रहे।दर्शकों की भीड से मेला परिसर खचाखच भरा था। उमडी भारी भीड में सुरक्षा ब्यवस्था सम्भालने में सी.ओ. हर्षित चौहान,प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पाण्डेय, चौकी प्रभारी संतोष त्रिपाठी दल बल के साथ भारी मसक्कत करते दिखे।

## बिना सीट बेल्ट के सरकारी वाहन चलाते मिले तो होगी कार्रवाई

**हरदोई।** वर्दी के रौब में सरकारी गाड़ी में सीटबेल्ट लगाए बिना फर्राटा भरना अब पुलिस कर्मियों को भारी पड़ेगा। पुलिस विभाग के वाहन चलाने वाले चालकों और सहचालकों के लिए इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। कहा गया है कि यदि बिना सीटबेल्ट सरकारी वाहन चलाते पकड़े गए तो जुर्माने के साथ ही विभागीय कार्रवाई भी होगी। यातायात नियमों का पालन कराने की कवायद तो होती है, लेकिन यह सिर्फ जन सामान्य तक सिमटी नजर आती है। आम तौर पर पुलिस कर्मी यातायात नियमों की अनदेखी करते नजर आते हैं। दो पहिया वाहन सवार पुलिस कर्मी हेलमेट का प्रयोग कम ही करते दिखते हैं, जबकि चौपहिया वाहन चलाने वाले पुलिस कर्मी कभी भी सीटबेल्ट बांधे नजर नहीं आते। खास तौर पर सरकारी वाहन चलाते समय कोई भी पुलिस कर्मी सीटबेल्ट का इस्तेमाल नहीं करता।

# बुद्धेश्वर जाम से जूझते हैं राहगीर घंटो जाम में फंसे रहते हैं



**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया**

**लखनऊ।** पारा में दिन भर लोग जाम से जूझते है बुद्धेश्वर चौराहे से लेकर करीब 500 मीटर तक लगा रहता है वाहनों की कतारें लगी रहती है। जिससे मोहान रोड़ मार्ग स्थित बुद्धेश्वर चौराहे तक सैकड़ों की संख्या में निजी अस्पताल, नर्सिंग होम सहित कई मैरिज लॉन बने हुए है। जिसके चलते मोहन रोड़ पर भारी वाहनों का आवागमन भी सबसे ज्यादा है।शहर का सबसे ज्यादा जाम वाला इलाका है। यहां पर एक बार जाम लगने पर करीब एक किलोमीटर तक रास्ता तय करने में एक घंटा भी लग जाता है, जो इस रास्ते से गुजरते वाले लोगों के लिए मुसीबत बन गया है। ट्रैफिक जाम में अक्सर एंबुलेंस भी फस जाती है। जाम का कारण सड़क के किनारे खड़ी गाडियां और अतिक्रमण है जिसमे लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल है। वहीं सूत्रों की माने तो यातायात पुलिस को नहीं दिखाई दे रहा अवैध बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड व ई रिक्शा स्टैंड जिससे सड़क की आधी पट्टी पर खड़े करते ई रिक्शा बस टैक्सी जिसके कारण लगता है घंटो तक लगे लंबे जाम से चलना हुआ मुश्किल।

## कच्ची दीवार ढहने से वृद्धा की मौत, बहू और नाती घायल

**सांडी।** थानाक्षेत्र के नीभापुर गांव में कच्ची दीवार ढहने से मलबे में दबकर वृद्धा की मौत हो गई, जबकि बहू और नाती घायल हो गए। घायलों का हरदोई के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। एसडीएम ने तहसीलदार को जांच के आदेश देते हुए रिपोर्ट मांगी है। नीभापुर निवासी फातिमा (79) गांव में ही परिवार के साथ रहती थीं। गुरुवार सुबह वह बहू कमरजहां (50) और नाती मुस्कान (4) के साथ मकान की कच्ची दीवार के पास से निकली गैलरी में चारपाई पर बैठी थी। इसी दौरान अचानक कच्ची दीवार ढह गई। मलबे में फातिमा, कमरजहां और मुस्कान दब गए। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंच गए और मलबे में दबे तीनों लोगों को निकाला। इस दौरान फातिमा की मौत हो गई, जबकि कमरजहां और मुस्कान गंभीर रूप से घायल हो गए।

# क्षेत्र में कहीं पर जर्जर खंभे गिरने वाले लगे हुए हैं तो कहीं पर ट्रांसफार्मर नीचे रखे हुए हैं

❖ बिजली विभाग को दुरुस्त करने के लिए प्रदेश सरकार के मंत्री और अधिकारी रात दिन मेहनत कर रहे, लेकिन क्षेत्र के अधिकारी और कर्मचारी इस विभाग को धराशाई करने में लगे हुए

**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।**



जर्जर हालत में खम्बे अपने हालात पर आंसू बहा रहे

**काकोरी।** बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मिलकर क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था को पूरी तरह से ध्वस्त कर रखा है जगह-जगह पर ट्रांसफार्मर नीचे रखे हुए हैं जिससे आए दिन लोगों को खतरा बना रहता है यहां तक की ट्रांसफार्मर के आस पास बड़ी-बड़ी घास उग आई है जिसे जानवर घास चरने के लिए वहां पहुंच जाते हैं उन जानवरों के लिए हमेशा हमेशा के लिए खतरा बना रहता है तो वहीं पर आस पास रहने वाले लोगों ने बताया कि नीचे रखे ट्रांसफार्मर की वजह से खतरा बना है काकोरी कस्बा के इमामबाग में खुला ट्रांसफार्मर रखा हुआ है इसके अलावा काजीगढ़ी में भी खुले में ट्रांसफार्मर रखा हुआ। जिसके चारों ओर कोई भी कटीला तार या फिर बाउंड्री वॉल नहीं की गई है इसी तरह दुबग्गा के पास मॉडर्न बेकरी के सामने खुला हुआ ट्रांसफार्मर मौत की दावत दे रहा है इस विभाग की एक खासियत है जब तक कोई व्यक्ति इस तरह की दुर्घटना की चपेट में न जाए तब तक यह विभाग आंखें बंद करें रहता है। वहीं काकोरी ब्लॉक सहित काकोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की जाने वाली रोड़ पर जर्जर खंभा लगा हुआ जिसकी वजह से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है इसी रोड़ से सैकड़ों मरीजों का आना जाना लगा रहता है। इस संबंध में काकोरी पावर हाउस के जेई रवि वर्मा ने बताया इसकी जानकारी नहीं मिली है अगर इसकी शिकायत मिली होती तो अब तक बदला जाता।

# स्थानीय लोगों ने रोक कर कलेक्टर को खिलाएं गुलाब जामुन

❖ कलेक्टर और स्थानीय लोग मिलकर खाये गुलाब जामुन और दुकानदार का बिल कलेक्टर महोदय ने अपने पॉकेट से चुकाये।

**द. अवीचर टाइम्स पप्पू उपाध्याय**



**मध्य प्रदेश,कटनी।** कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद ग्राम पंचायत कुआं में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करने पहुंचे निरीक्षण के दौरान इंजीनियर और ठेकेदार से निर्वाणधीन बिल्डिंग का जायजा लिया और मोटे पतले सरिया होने का कारण पूछा एस्टीमेट के आधार पर कार्य का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए निर्देश के दौरान लापरवाही न बरतने की सख्त समझाइए दी। साथ ही उपस्थित स्थानीय लोगों से संवाद किया और मौके से रवाना हुए, कुछ दूरी चलने के बाद स्थानीय लोगों ने कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद को रोक कर श्री प्रसाद से आग्रह किया कि हमारे गाँव में गुलाब जामुन बहुत अच्छा बनता है आप इसका स्वाद लें श्री प्रसाद ने स्थानी लोगों का मान रखते हुए गाड़ी से उतर कर दुकान पहुंचे और सभी स्थानीय लोगों के साथ मिलकर गुलाब जामुन खाये और गुलाब जामुन के स्वाद की प्रशंसा की साथ ही सभी लोगों के गुलाब जामुन खाने का बिल श्री प्रसाद ने अपने पॉकेट से चुकाया। कलेक्टर श्री प्रसाद से मिलकर और कुछ पल व्यतित करने का जो स्थानीय लोगों को मौका मिला। स्थानी लोगों ने कलेक्टर श्री प्रसाद के व्यवहार और स्वभाव की जमकर प्रशंसा की इस मौके पर बहोरीबंद एसडीएम प्रदीप मिश्रा, तहसीलदार गौरव पांडे, जनपद सीईओ अभिषेक कुमार झा,कुआं ग्राम पंचायत सरपंच अमित साहू सहित अन्य कर्मचारी गण पटवारी गण एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने मंत्रमुग्ध हो सुना दृष्टिबाधित प्रेम सुख से देवी गीत



**द. अवीचर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**

**कटनी** । बहोरीबंद तहसील के खड़रा दुर्ग मंदिर में मॉ जगदंबे का दर्शन पूजन करने पहुंचे कलेक्टर अवि प्रसाद यहां के स्थानीय दृष्टिबाधित दिव्यांग प्रेम सुख वासुदेव के वादन और गायन कला के मुरीद हो गए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रेम सुख के गाये भजन को सुना। प्रेम सुख के सधे हाथों से ढोलक पर थाप पडते ही गूंजे सुरों और संगीत के साथ दिव्यांग प्रेम सुख के गले से निकली सुरीली आवाज पर मंत्रमुग्ध हो कलेक्टर श्री प्रसाद ने पूरी तल्लीनता से देवी गीत सुना। दिव्यांग प्रेम सुख की गायन और वादन कला से खासे प्रभावित कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रेम सुख के गीत और संगीत की जमकर सराहना की और शाबाशी दी। प्रेम सुख द्वारा कलेक्टर को सुनाये गये देवी गीत के बोल थे। कहाँ जाये मैया कहाँ जाये मैया आसन छोंड कहाँ जाये मैया जिसे सुनकर मैहर की शारदा माता के भक्ति रस में डूबे कलेक्टर आध्यात्मिकता से भाव विभोर होकर अभिभूत हो गये । उन्होंने प्रेम सुख की गायन कला की जमकर सराहना की।

## संसद की सुरक्षा में चूक चिंताजनक : अखिलेश यादव

# संसद कांड युवा मन की हताशा का परिणाम:अखिलेश यादव

संवाददाता

**लखनऊ।** संसद में दो युवकों की घुसपैठ पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने माइक्रो ब्लागिंग साइट 'एक्स' पर लिखा है कि लोकसभा में दो युवकों का विजिटर गैलरी से कूदना, संसद की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ है। ये एक गंभीर सुरक्षा चूक है।

संसद में दो युवकों की घुसपैठ पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने माइक्रो ब्लागिंग साइट 'एक्स' पर लिखा है कि लोकसभा में दो युवकों का विजिटर गैलरी से कूदना, संसद की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ है। ये एक गंभीर सुरक्षा चूक है। इसकी तत्काल जाँच की जाए। भाजपा सांसद की सिफारिश पर बने प्रवेश पत्र पर उन्होंने कहा कि जिनकी वजह से ये अंदर प्रवेश कर सके, उन सबके खिलाफ़ दंडात्मक कार्रवाई हो। साथ ही कहा कि ये घटना देशभर के अलग-अलग जगहों और प्रदेशों से इकट्ठा युवा मन की हताशा का परिणाम है। ये घटना स्वयं में निंदनीय होते हुए इन अर्थों में चिंतनीय भी है कि यदि इसी प्रकार युवाओं को वर्तमान से निराशा और भविष्य से नाउम्मीदगी हुई तो ये देश के लिए अच्छा नहीं होगा। ये घटना व्यवस्था के दरवाजे पर चेतावनी की दस्तक है। उधर, समाजवादी पार्टी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने संसद कांड के बहाने भाजपा पर हमला बोलते हुए 'एक्स' पर लिखा कि ये कांड देश के विभिन्न अंचलो से आए पढ़े-लिखे बेरोजगार नौजवानों ने पेट की भूख व बेरोजगारी की पीड़ा का नतीजा है। मौर्या ने तंज कसा कि शांतिपूर्ण तरीके से प्रस्तुत की जाने वाली उनकी भावनाओं को जब भी कुचलेंगे तो दर्द, पीड़ा व भावना व्यक्त करने का इससे बेहतर कोई और माध्यम हो ही नहीं सकता। मौर्य के मुताबिक पीड़ा प्रकट करने के लिए संसद के अंदर और बाहर जो कुछ भी किया उसे केवल संसद की गरिमा व कानून के चश्मे से ही नहीं देखना चाहिए बल्कि उनकी बेरोजगारी व पेट की भूख की पीड़ा के दर्द से भी जोड़कर देखा जाना चाहिए। आगे लिखा कि बड़ी-बड़ी डिग्रियां लेने वाले देश के युवा यदि सड़क पर दर-दर ठोकरे खाएंगे, भूख से बिलबिलाएंगे, बेरोजगारी की पीड़ा झेलेंगे तो हम उनसे सदाचरण की उम्मीद नहीं कर सकते। उन्होंने ये भी लिखा कि हिन्दी जगत के महान साहित्यकार व लेखक, मुंशी प्रेमचंद जी ने भी कहा था कि 'जिस बंदे को पेट भर रोटी नहीं मिलती उसके लिए मर्यादा और इज्जत ढोंग है' यद्यपि कि कृत्य औचित्यपूर्ण नहीं है, फिर भी प्रकरण पर सहानुभूति व संवेदनशीलता के साथ विचार किया जाना चाहिए।



## विकास में पिछड़ता जा रहा यूपी, निवेश प्रस्ताव का दावा पर नहीं लगा कोई उद्योग: अखिलेश यादव

संवाददाता

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के पास न दृष्टिकोण और न ही इच्छाशक्ति है। भाजपा सरकार ने दावा किया कि प्रदेश में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव मिले, लेकिन अभी तक कहीं एक भी उद्योग नहीं लगा।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में विकास के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश लगातार पिछड़ता जा रहा है। सरकार के पास न तो प्रदेश की प्रगति का कोई दृष्टिकोण है और न ही इच्छाशक्ति। सात वर्षों से लगातार सत्ता में रहने के बावजूद भाजपा सरकार ने अब तक जनहित में एक भी काम नहीं किया है। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश के विकास के लिए निवेशक सम्मेलन की नींव सपा सरकार में रखी गई थी। तब लखनऊ के चकगंजरिया में आईटी हब बना। एचसीएल कंपनी के साथ अन्य आईटी कंपनियां भी यहां काम कर रही हैं। अमूल दूध का प्लांट लगा। नौजवानों को तमाम नौकरियां मिलीं, अनेक फिल्म निर्माता प्रदेश में आए।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है। जो उद्योगपति आना चाहते थे, वे भी नहीं आ रहे हैं। भाजपा सरकार ने दावा किया कि प्रदेश में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव मिले, लेकिन अभी तक कहीं एक भी उद्योग नहीं लगा। उद्यमियों को प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए सरकार भूमि नहीं दे पा रही है। विभिन्न विभाग एनओसी देने में खूब परेशान कर रहे हैं। भाजपा सरकार अपने बजट का 60 प्रतिशत पैसा भी खर्च नहीं कर पाई है।

## बरात से लौट रहे युवकों को बदमाशों ने पीटा, नकदी लूटी

**लखनऊ।** बरात से घर वापस आ रहे कार सवार युवकों की पिटाई कर बाइक सवार असलहाधारी बदमाशों ने कार को क्षतिग्रस्त कर 40 हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित ने तहरीर दे दी है, लेकिन पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। अमेठी कोतवाली के भरेथा गांव निवासी दीपक तिवारी बुधवार को अपने साथियों के साथ बरात गए थे। देर रात कार से लौट रहे थे। रास्ते में गौरीगंज-अमेठी मार्ग पर ताला के पास पीछे से पहुंचे बाइक सवार युवकों ने कार रुकवाई। उसके बाद तमंचे से लैस युवकों ने दीपक व साथियों की पिटाई करते हुए कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। दीपक का आरोप है कि उसके पास से 40 हजार रुपये भी लूट लिए। घटना के बाद बदमाश भाग निकले। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच कर रही है। एसएचओ अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि मामूली विवाद में सिर्फ मारपीट हुई है। लूट व कार क्षतिग्रस्त करने का आरोप फर्जी है। प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच के बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## एक नज़र

### पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर युवती ने कार और युवक ने ट्रक के सामने कूदकर दी जान




**लखनऊ।** बाराबंकी के हैदरगढ़ में एक युवक-युवती ने अलग-अलग वाहनों के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। मामले में प्रेम प्रसंग में आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बरावां गांव के पास युवक और युवती ने कार और ट्रक के सामने कूदकर जान दे दी। प्रेम प्रसंग के चलते वाहन के आगे कूद कर आत्महत्या करने की चर्चा है। एक्सप्रेस वे सुरक्षाकर्मियों की सूचना पर देर रात पहुंची पुलिस ने दोनों की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं। कोतवाली हैदरगढ़ के एक गांव का युवक दिल्ली में मजदूरी करता था। कुछ दिन पहले वह घर आया था। बुधवार देर शाम पड़ोस के एक गांव की युवती के साथ गायब हो गया। दोनों के परिजन तलाश कर रहे थे। देर रात करीब 12 बजे युवती ने एक कार के सामने और युवक ने ट्रक के सामने कूदकर जान दे दी। इसके बाद एक्सप्रेस वे सुरक्षा की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

**अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह ने दिया यह बयान**

सीसीटीवी कैमरे में दोनों बारी-बारी अलग-अलग वाहनों के सामने कूदते दिखाई दे रहे थे। एएसपी अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। प्रेम प्रसंग में आत्महत्या का मामला पता चल रहा है। फिलहाल जांच की जा रही है।

### परीक्षा में नकल करते पकड़े गए पूर्व आईपीएस राजेश कुमार



**लखनऊ।** नकल के आरोप में पकड़े जाने वाले परीक्षार्थी का नाम राजेश कुमार बताया जा रहा है जो भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हैं। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में बृहस्पतिवार को उड़ाका दल ने एलएलबी की परीक्षा में पूर्व आईपीएस को नकल करते पकड़ा। आरोप है कि बुधवार को भी परीक्षा में उन्हें नकल करते पकड़ा गया था लेकिन बाद में विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह मामला दबा दिया। लगातार दूसरे दिन पकड़े जाने पर मामला सामने आ गया। नकल के आरोप में पकड़े जाने वाले परीक्षार्थी का नाम राजेश कुमार बताया जा रहा है जो भारतीय पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हैं। विश्वविद्यालय में इसी वर्ष शुरू हुए एलएलबी तीन वर्ष पाठ्यक्रम में उन्होंने प्रवेश लिया है। परीक्षा नियंत्रक भावना मिश्रा ने बताया कि नकल करते पकड़े जाने के परीक्षार्थी राजेश कुमार की कॉपी सील कर दी गई और उन्हें दूसरी कॉपी दे दी गई थी। उन पर नकल के नियमों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### रोटावेटर की चपेट में आए किशोर की मौत

**लखनऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मठिया निवासी रवींद्र प्रताप यादव का 16 वर्षीय पुत्र प्रशांत यादव अपने मामा कृष्ण कुमार यादव निवासी थाना संग्रामपुर के गांव मनिकापुर मजरे मड़ौली के यहां रहता था। प्रशांत कक्षा नौ का छात्र था। बृहस्पतिवार की शाम गांव का एक व्यक्ति अपने रोटावेटर से खेत की जोताई कर रहा था। इसी बीच प्रशांत ट्रैक्टर पर कुछ सामान देने के लिए चढ़ा और अनियंत्रित होकर रोटावेटर की चपेट में आ गया। जब तक चालक कुछ समझ पाता तब तक रोटावेटर की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर रोटावेटर को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा है। परिवारी जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक श्रीराम ने बताया कि पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

**बुझ गया घर का चिराग**

- इकलौते पुत्र मृतक प्रशांत के पिता रवींद्र प्रताप काफी दिनों से लापता हैं। घर में मां श्यामा देवी हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने से प्रशांत अपने नाना बृजलाल के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। प्रशांत पढ़ने में होनहार था। घटना के बाद इकलौते पुत्र की निधन की सूचना मिलते ही मां श्यामा देवी का रो-रोकर बुराहाल है।

### कार सवार युवकों ने बीच चौराहे पर ट्रैफिक सिपाही को लात-घूसों से पीटा



**लखनऊ।** खुर्रमनगर चौराहे में गलत दिशा से आ रही कार को ट्रैफिक सिपाही को रोका। इस पर कार सवार तीन मनबढ़ युवकों ने सिपाही से गाली गलौज की। विरोध करने पर आरोपी ने उसको गिरेबान पकड़ लिया और मारपीट की। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। ट्रैफिक पुलिस लाइन में सिपाही लोकेंद्र सिंह तैनात है। बुधवार को उनकी ड्यूटी खुर्रमनगर में थी। इसी बीच जगरानी अस्पताल की तरफ से एक कार गलत दिशा से आ रही थी। सिपाही लोकेंद्र सिंह ने रुकने का इशारा किया। इसपर कार सवार तीन युवक उतरे और गाली गलौज करते हुए अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर वर्दी का कॉलर पकड़ लिया और लात- घूसे और थप्पड़ मारने शुरु

## रायबरेली में छात्र को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा



संवाददाता

**लखनऊ।** रायबरेली में एक छात्र की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कई लोग एक छात्र की पिटाई करते हुए नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर बृहस्पतिवार को एक छात्र को दौड़ा-दौड़ाकर पीटने का वीडियो वायरल हुआ। वायरल वीडियो में कुछ लोग एक छात्र की जमकर धुनाई कर रहे हैं। वायरल वीडियो मिल एरिया थाना क्षेत्र के सरस्वती नगर का बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि दो छात्रों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इस पर आरोपी छात्र ने अन्य लोगों को बुला लिया और पीड़ित छात्र की पिटाई करा दी। वहां पर मौजूद अन्य छात्रों ने किसी तरह मामला शांत कराया। पीड़ित छात्र गोपाल इंटर कॉलेज का बताया जा रहा है। मिल एरिया थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि छात्र की पिटाई के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जानकारी हुई है। वीडियो कहां का है और पिटाई करने वाले लोग कौन है, इस बारे में पड़ताल कराई जा रही है।

## संसद में उत्पात मचाने वाले युवक के परिजनों से हुई पूछताछ

## दिल्ली में एक प्रदर्शन में शामिल होने की बात कहकर सागर घर से निकला था

संवाददाता

**लखनऊ।** लोकसभा में कार्यवाही के दौरान संसद में कलर स्मोक उड़ाने वाला युवक लखनऊ का रहने वाला है। उसके परिजनों से पूछताछ की गई है। उसकी मां ने बताया कि वो दिल्ली जाने की बात कहकर घर से निकला था।




लोकसभा की कार्यवाही के दौरान विजिटर गैलरी से लोकसभा में घुसने वाला सागर शर्मा लखनऊ के आलमबाग के रामनगर इलाके का रहने वाला है। वह ई-रिक्शा चालक है। वह तीन दिन पहले दिल्ली में एक प्रदर्शन में शामिल होने की बात कहकर घर से निकला था। युवक की मां ने बताया कि उसने कभी भी कोई गलत बात नहीं किया। वो दिल्ली जाने की बात कहकर निकला था। कह रहा था कि दोस्तों से मिलने जा रहा है और वापस आकर अपना काम करेगा। वारदात के कुछ घंटे बाद दिल्ली पुलिस से मिले इनपुट के आधार पर लखनऊ पुलिस ने उसके घर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ शुरू की। सागर दो साल तक बंगलूरू में भी रहा। आशंका है कि उसी दौरान वह साजिश में शामिल हुआ। सागर मूलरूप से उन्नाव के सोहरामऊ का रहने वाला है। दिल्ली पुलिस ने सागर के पास से आलमबाग रामनगर पते का आधार कार्ड बरामद किया और लखनऊ पुलिस को सूचना दी। कमिश्नरेट पुलिस ने सागर के पिता रोशन लाल को थाने ले जाकर पूछताछ की। उसकी मां रानी और 10वीं में पढ़ने वाली बहन माही से भी पूछताछ हुई। मकान में दूसरे कमरे में रहने वाले उसके नाना जगदीश, नानी उमा व मामा प्रदीप से भी देर रात तक पूछताछ की गई। मां रानी ने पुलिस को बताया कि रविवार को सागर घर से गया था। कौन सा प्रदर्शन है? किस लिए है? और किसने एलान किया है? इस बारे में उसने कुछ नहीं बताया था। जांच एजेंसियां सागर की कुंडली खंगाल रही हैं।

## आयुष दाखिला घोटाला

# एसटीएफ दाखिल करेगी अनुपूरक आरोप पत्र

संवाददाता

**लखनऊ।**आयुष कॉलेजों में हुए फर्जी दाखिलों में सामने आया है कि छात्रों की काउंसिलिंग से पहले ही फर्जी बैंक खाता खोलकर उसमें एडवांस जमा कराया गया था। यह खाता अकाउंटेंट के नाम से खोला गया था।

उत्तर प्रदेश के आयुष कॉलेजों में हुए फर्जी दाखिलों की जांच कर रही एसटीएफ जल्द ही अदालत में अनुपूरक आरोप पत्र दाखिल करने की तैयारी में है। एसटीएफ इस मामले में 15 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। अब मिर्जापुर के संतुष्टि मेडिकल कॉलेज की संचालक डॉ. रितु गर्ग की गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ जुटाए गये साक्ष्यों एवं बयानों के आधार पर अनुपूरक आरोप पत्र दाखिल किया जाएगा। एसटीएफ के सूत्रों के मुताबिक संतुष्टि मेडिकल कॉलेज में सर्वाधिक 76 दाखिले हुए थे। दाखिला लेने वाले छात्रों की काउंसिलिंग से पहले ही फर्जी बैंक खाता खोलकर उसमें एडवांस जमा कराया गया था। यह खाता उन्होंने अपने अकाउंटेंट नीरज कुमार जायसवाल के नाम से खोला था, जबकि इसका संचालन डॉ. रितु गर्ग का बेटा करता था। जब एसटीएफ ने फर्जी दाखिला लेने वाले छात्रों को तलब कर उनसे पूछताछ की तो उन्होंने कॉलेज संचालकों की करतूतों का कच्चा-चिट्ठा खोल दिया। एसटीएफ ने छात्रों के बयान भी दर्ज किए हैं, जिसे अदालत में पेश किया जाएगा। मालूम रहे कि डॉ. रितु गर्ग को हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है।




**कई संचालकों की भूमिका की जांच जारी**

एसटीएफ के अधिकारी अब उन कॉलेज संचालकों की भूमिका की जांच भी कर रहे हैं, जहां पर 20 से ज्यादा दाखिले हुए थे। इसके बाद 10 या उससे कम दाखिले करने वाले कॉलेज संचालकों को तलब किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक इस प्रकरण में वाराणसी के एक कॉलेज के दो संचालक फरार चल रहे हैं, जिनकी एसटीएफ को तलाश है। एसटीएफ ने अब तक करीब 500 ऐसे छात्र-छात्राओं के बयान दर्ज किए हैं, जिनका फर्जी तरीके से दाखिला हुआ था।

## डाकघर की 392 शाखाओं में हड़ताल डाक वितरण ठप

संवाददाता

**लखनऊ, रायबरेली।** जिले के ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल के चलते बृहस्पतिवार को डाक वितरण का कार्य पूरी तरह से ठप हो गया। इसके चलते 392 शाखा डाकघरों से डाक का वितरण नहीं हो पा रहा है। रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट, पार्सल, मनी आर्डर के साथ अन्य सामग्री संबंधित व्यक्तियों तक पहुंच नहीं सकी। 300 ग्रामीण डाक सेवकों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन तीन हजार डाक का वितरण किया जाता है। शाखा डाकघरों में कामकाज न होने से खाता खोलने और पैसे निकालने व जमा करने पहुंचे लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। सामूहिक बीमा का लाभ देने के साथ, वेतन वृद्धि, ग्रेच्युटी, चिकित्सा व पेंशन सुविधा मांग को लेकर ग्रामीण डाक सेवक बुधवार से आंदोलित है। दूसरे दिन बृहस्पतिवार को उन्होंने जिले भर में डाक वितरण का कार्य ठप कर दिया।

**मांगें पूरी न होने तक जारी रहेगी हड़ताल**

अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ ने मांगों के संबंध में विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कमलेश चंद्र कमेटी की पांच सिफारिशें लागू करने की मांग की। उन्हें लागू कराने के लिए ही ग्रामीण डाक सेवकों ने हड़ताल शुरू की है। ग्रामीण डाक सेवक संघ के मंडलीय मंत्री प्रदीप सिंह ने कहा कि जिले में प्रतिदिन तीन हजार से ज्यादा डाक का वितरण किया जाता है। हड़ताल के चलते बृहस्पतिवार को काम पूरी तरह ठप है। कहा कि मांगें पूरी न होने तक हड़ताल जारी रहेगी।

### डीजे बंद कराने पर भिड़े घराती-बराती, आधा दर्जन घायल

**लखनऊ।** मोहनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा भेलाई कला में बुधवार की रात डीजे बंद कराने पर वर और कन्या पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग चोटिल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बाराबंकी जिले के थाना सुबेहा के ग्राम गेराय मजरे सराय गोपी निवासी अयोध्या मौर्य के बेटे सूरज कुमार मौर्य का विवाह भेलाई कला गांव निवासी रामसहाय मौर्य की पुत्री चांदनी से हो रहा था। बुधवार की देरशाम बरात आई थी। रात्रि 12 बजे द्वारचार में डीजे की धुन पर नृत्य चल रहा था। काफी देर होने के कारण कन्या के चाचा ने डीजे को बंद करने को कहा। वर पक्ष के लोग कुछ मानने को तैयार नहीं हुए। इसके बाद गाली गलौज करते हुए विवाद होने लगा। बाद में बरातियों व घरातियों में मारपीट होने लगी।

# नमो एप के जरिये कार्यकर्ता तैयार करेगी भाजपा

## प्रत्येक लाभार्थी को विकसित भारत एंबेसडर बनाने की है तैयारी

संवाददाता

**लखनऊ।** भाजपा ने नमो एप के जरिए लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नई योजना तैयार की है। प्रत्येक कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि को नमो एप पर सक्रिय रहना होगा।

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा नमो एप के जरिये कार्यकर्ताओं की नई फौज तैयार करेगी। पार्टी ने विकसित भारत संकल्प अभियान के जरिये नए मतदाताओं से लेकर मोदी-योगी सरकार की योजना के प्रत्येक लाभार्थी को विकसित भारत एम्बेसडर बनाने की तैयारी शुरू की है। 98 संगठनात्मक जिलों को दो-दो लाख विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का लक्ष्य दिया गया है। गोमती नगर स्थित एक स्कूल के सभागार में बुधवार को नमो एप को लेकर आयोजित कार्यशाला में एप के जरिये लोकसभा चुनाव की तैयारियां पर मंथन हुआ। कार्यशाला में 98 संगठनात्मक जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी व विभिन्न अभियानों के संयोजक समेत करीब सात सौ पदाधिकारी शामिल हुए। इसमें नमो एप का प्रस्तुतीकरण हुआ। नमो एप के राष्ट्रीय संयोजक कुलजीत चहल ने कहा कि यूपी में नमो एप पर दो करोड़ विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का लक्ष्य रखा है। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने इस एप पर पंजीकरण नहीं किया है। प्रत्येक कार्यकर्ता को नमो एप डाउनलोड करना अनिवार्य है। प्रत्येक पदाधिकारी व बूथ स्तर के कार्यकर्ता जनता के साथ सेल्फी लेकर उन्हें विकसित भारत एम्बेसडर के रूप में नामांकित करें। इसकी जिम्मेदारी युवा मोर्चा, महिला, किसान, एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यक मोर्चा को भी दी गई है। कार्यकर्ता वार्ड और गांव गांव में इसके लिए शिविर लगाएं।



उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय स्तर पर क्षेत्र के महामंत्री और जिला स्तर पर अभियान के संयोजक बनाए जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र स्तर पर भी टीमें बनाई जाएंगी। कार्यशाला का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश महामंत्री गोविंद शुक्ला, प्रियंका रावत, अनूप गुप्ता, राहुल राज रस्तोगी भी मौजूद थे।

**माइक्रो डोनेशन अभियान चलाएंगे**

भाजपा नमो एप के जरिये माइक्रो डोनेशन अभियान भी चलाएगी। इसमें लोगों से स्वेच्छा से पार्टी कोष में राशि दान कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त 100 डे चैलेंज अभियान चलाया जाएगा। इसमें सफल रहने वाले कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत करने के साथ पार्टी में विशेष मान्यता भी दी जाएगी।

**नए मतदाताओं से रखें संपर्क व समन्वय**

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि हाल ही में तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बनने से यूपी में अच्छा माहौल बना है। इसे बनाए रखते हुए चुनावी तैयारी शुरू करें। उन्होंने वोटर चेतना अभियान के तहत बने नए मतदाताओं से संपर्क व समन्वय कर उन्हें पार्टी से जोड़ने का मंत्र दिया।

**संगठन के कामकाज में रूचि लें जिलाध्यक्ष**

भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि जिलाध्यक्ष संगठन के कामकाज में दिलचस्पी लें। विधानसभा विस्तारकों से काम कराएं। उन्होंने आगामी दिनों में क्षेत्रीय व जिला टीमों में फेरबदल का इशारा किया। उन्होंने कहा कि 15-17 दिसंबर तक जिला स्तर पर भी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। 25 दिसंबर को बूथ स्तर पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई जाएगी। 26 दिसंबर को वीर बालदिवस पर गुरु गोविंद सिंह के बेटों के बलिदान पर गोष्ठी का आयोजन होगा।

# सम्पादकीय

## पाकिस्तान के दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब था जम्मू-कश्मीर का संविधान

धीरे-धीरे भारतवासियों के मानस पटल से धारा 370 स्वतः ही विस्मृति में चली जाएगी और इतिहास के पन्नों में केवल शोधकर्ता ही उस धारा की तलाश करेंगे। लेकिन बावजूद तमाम आलोचनाओं और तर्कों के इस सच्चाई को नजरंदाज नहीं किया जा सकता कि जम्मू-कश्मीर का संविधान अपने आप में अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान के भारत विरोधी प्रोपेगेंडा का एक माकूल जवाब भी था। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 और उसकी धारा 35-ए के साथ ही राज्य के अलग संविधान को भारत की संसद द्वारा 5 अगस्त 2029 को समाप्त कर दिया गया था। अब भारत के सुप्रीम कोर्ट के 11 दिसम्बर 2023 के फैसले ने उस बहुचर्चित संवैधानिक प्रावधान और उस राज्य के अलग संविधान को सदा-सदा के लिए दफन कर दिया है। इसके बाद अब यह विवाद समाप्त हो जाना चाहिए। वैसे भी धीरे-धीरे भारतवासियों के मानस पटल से धारा 370 स्वतः ही विस्मृति में चली जाएगी और इतिहास के पन्नों में केवल शोधकर्ता ही उस धारा की तलाश करेंगे। लेकिन बावजूद तमाम आलोचनाओं और तर्कों के इस सच्चाई को नजरंदाज नहीं किया जा सकता कि जम्मू-कश्मीर का संविधान अपने आप में अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर जम्मू-कश्मीर को लेकर पाकिस्तान के भारत विरोधी प्रोपेगेंडा का एक माकूल जवाब भी था। वह संविधान उस राज्य के भारत संघ के अनन्य भाग होने का एक दस्तावेजी प्रमाण भी था।

### पाकिस्तान निरंतर दावा करता रहा कश्मीर पर

पाकिस्तान अपने जन्म के साथ ही जम्मू-कश्मीर की तुलना जूनागढ़ रियासत से करता रहा। जूनागढ़ का शासक मुस्लिम था और प्रजा हिन्दू थी, इसलिए पाकिस्तान का तर्क था कि जम्मू-कमीर मुस्लिम बहुल क्षेत्र है इसलिए उस पर उसका स्वाभाविक हक है। जबकि जूनागढ़ के भारत में विलय के भौगालिक और व्यवहारिक कारण थे। पाकिस्तान इस रियासत के मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में भी उठाता रहा है। इस मुद्दे को लेकर सुयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का 91 वां संकल्प भी आया। इसके जवाब में जम्मू और कश्मीर के संविधान ने अपने स्वयं के संवैधानिक ढांचे के माध्यम से भारत के साथ अपने संबंधों को परिभाषित करके, राज्य के भारत में अंतिम विलय और भारतीय संघ के भीतर इसके अभिन्न अंग होने पर जोर देकर ऐसे दावों का मुकाबला किया था। इस संविधान सभा द्वारा बनाए गए जम्मू और कश्मीर के संविधान में रक्षा, विदेशी मामले, वित्त और संचार को छोड़कर कई मामलों में राज्य को स्वायत्तता देने जैसे विशेष प्रावधान शामिल थे। इसने राज्य के स्थायी निवासियों के लिए विशेष अधिकार और विशेषाधिकार भी प्रदान किए।

### संविधान की प्रस्तावना

जम्मू-कश्मीर के संविधान की प्रस्तावना में कहा गया था कि ''हम, जम्मू और कश्मीर राज्य के लोग, अक्तूबर के छब्बीसवें दिन हुए इस राज्य के भारत में विलय के अनुसरण में गंभीरता से संकल्प लेते हैं कि- अपने आप को न्याय, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, पूजा की स्वतंत्रता, स्थिति और अवसर की समानता और हम सबके बीच प्रचार करना, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता को सुनिश्चित करने वाली बंधुता, नवंबर, 1956 के इस सत्रहवें दिन हमारी संविधान सभा में एतद्द्वारा अपनाएं, अधिनियमित करें और दें। यह संविधान हमारे लिए है' पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का अभिन्न मानता था वह संविधान

संविधान की प्रस्तावना से स्पष्ट ही था कि रियासत के लोगों ने जम्मू एवं कश्मीर राज्य को भारत का एक अखंड भाग मान लिया था। संविधान राज्य के लोगों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व प्रदान करता था और उस संविधान के अनुसार, जम्मू एवं कश्मीर राज्य में वह क्षेत्र शामिल है जो 15 अगस्त, 1947 के शासन के अंतर्गत था। इसका सीधा सा अर्थ यह है कि इस राज्य के अधीन ÷पाक अधिकृत क्षेत्र÷ भी आता है।

संविधान सभा के 1954 के प्रस्ताव के बाद जम्मू और कश्मीर के संविधान में धारा को शामिल किया गया, जिसमें लिखा है, ''जम्मू और कश्मीर राज्य भारत संघ का अभिन्न अंग है और रहेगा।'' चूंकि जम्मू कश्मीर के लोगों द्वारा विधिवत् निर्वाचित संविधान सभा 26 अक्तूबर 1947 को भारत संघ में विलय को कानूनी रूप से वैध, संवैधानिक रूप से बाध्यकारी और अपरिवर्तनीय मान चुकी थी इसलिए पाकिस्तान द्वारा बार-बार जनमत संग्रह और आत्म निर्णय की मांग की हवा वैसे ही खिसक चुकी थी। यही नहीं 30 मार्च 1951 को सुरक्षा परिषद का 91वां जम्मू-कश्मीर के संविधान के प्रावधानों को प्रभावित नहीं कर सकती थी।

### 15 फरवरी 1954 को भारत में विलय की पुष्टि

वयस्क मताधिकार के आधार पर असंदिग्ध शब्दों में बुलाई गई संविधान सभा ने काफी बहस, विचार-विमर्श के बाद 15 फरवरी, 1954 को एक सुविचारित प्रस्ताव के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के भारत में विलय की पुष्टि की। इस संविधान सभा के उद्घाटन भाषण में शेख मोहम्मद अब्दुल्ला ने कहा कि विधानसभा ''विलय के संबंध में अपने तर्कसंगत निष्कर्ष देगी। इस प्रकार, जम्मू और कश्मीर के लोगों ने अंततः अपने निर्वाचित प्रतिनिधियों वाली संविधान सभा के माध्यम से विलय के संबंध में किसी भी विवाद को सुलझा लिया। किसी ने भी, यहां तक कि सबसे खराब आलोचक ने भी, कभी भी संविधान सभा की प्रतिनिधि प्रकृति पर संदेह नहीं किया है।

### जम्मू-कश्मीर का संविधान बनने में 5 साल लगे

राज्य नेतृत्व और भारत सरकार के बीच 1950 के दिल्ली समझौते के बाद 1951 में संविधान सभा का गठन किया गया था। इस समझौते ने राज्य के भारत में विलय की शर्तों को रेखांकित किया और जम्मू-कश्मीर के लिए संविधान का मसौदा तैयार करने के लिए एक संविधान सभा की स्थापना का प्रावधान किया। सितम्बर-अक्तूबर 1951 में जम्मू एवं कश्मीर की संविधान सभा का निर्वाचन राज्य के भविष्य के संविधान के निर्माण के लिए तथा भारत के साथ सम्बन्ध स्पष्ट करने के लिए किया गया था। रियासत की संविधान सभा के अध्यक्ष जस्टिस मेहरचन्द महाजन और इसके 75 सदस्य थे जो कि अपने-अपने क्षेत्रों से चुने गए थे। संविधान सभा की पहली बैठक 31 अक्टूबर 1951 को हुई थी। जम्मू एवं कश्मीर के संविधान को बनने में कुल 5 वर्ष का समय लगा। 17 नवम्बर, 1957 को जम्मू एवं कश्मीर का संविधान अंगीकार किया गया तथा 26 जनवरी, 1957 को प्रभाव में आया था। 2002 तक, संविधान में 29 संशोधन किए गए। 2002 तक संविधान में 158 अनुच्छेद थे जो 13 भागों और 7 अनुसूचियों में विभाजित थे।

संविधान को अपनाने के बाद, जम्मू और कश्मीर ने अगस्त 2019 तक इसके प्रावधानों के तहत कार्य किया, जब भारत सरकार ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए को रद्द कर दिया, जिससे राज्य को पहले प्राप्त विशेष स्थिति और स्वायत्तता को प्रभावी ढंग से रद्द कर दिया गया और इसे पूरी तरह से एकीकृत कर दिया गया।

### संविधान सभा का गठन

दरअसल महाराज हरिसिंह की 5 मार्च 1948 की उद्घोषणा के बाद 20 जून, 1949 को महाराजा द्वारा एक और घोषणा जारी की गई, जिसके द्वारा उन्होंने युवराज कर्णसिंह को अब तक प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियां प्रदान कर दी थीं और एक मई, 1951 को युवराज कर्णसिंह ने एक उद्घोषणा जारी की जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ निर्देश दिये थे कि जम्मू और कश्मीर राज्य के लिए संविधान बनाने के प्रयोजनों के लिए वयस्क मताधिकार के आधार पर चुने गए लोगों के प्रतिनिधियों से मिलकर एक संविधान सभा का गठन किया जाएगा और चुनाव में मतदान प्रत्यक्ष और (द्वारा) गुप्त मतपत्र से होगा। संविधान सभा को उसकी सदस्यता में किसी भी रिक्ति के बावजूद कार्य करने की शक्ति होगी। यह भी निर्देश था कि संविधान सभा अपना स्वयं का एजेंडा तैयार करेगी और अपनी प्रक्रिया के संचालन और अपने व्यवसाय के संचालन के लिए नियम बनाएगी। संविधान सभा का संयोजक 1951 में विधानसभा का गठन राज्य के लोगों की इच्छा का स्वाभाविक परिणाम था कि लोगों द्वारा चुनी गई विधायिका के प्रति उत्तरदायी एक लोकतांत्रिक सरकार हो।

# राजस्थान डायरी

## कर्ज में डूबा है राज्य, नए मुख्यमंत्री के सामने खड़ा है चुनौतियों का बड़ा पहाड़

कमजोर वित्तीय प्रबंधन से जूझ रहे राजस्थान में गारंटियां कैसे पूरी होंगी? पिछली सरकार की लोक-लुभावन योजनाओं का क्या होगा? यह एक बड़ा सवाल है।

राजस्थान में भाजपा की सत्ता में वापसी हो गई है। शुक्रवार को नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शपथ ग्रहण कर लेंगे। कांग्रेस सरकार की नाकामियों को गिनाकर भाजपा सत्ता में लौटी है। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बड़ी गारंटियां मरुधरा की जनता को दीं। अब राजस्थान में भी डबल इंजन की सरकार है, लेकिन प्रदेश के नए मुखिया के सामने चुनौतियों का बड़ा पहाड़ भी खड़ा है। कमजोर वित्तीय प्रबंधन से जूझ रहे राजस्थान में गारंटियां कैसे पूरी होंगी? पिछली सरकार की लोक-लुभावन योजनाओं का क्या होगा? यह एक बड़ा सवाल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रचार के दौरान राजस्थान में महंगे पेट्रोल-डीजल का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कीमतें कम करने का वादा किया था। भाजपा शासित अन्य प्रदेशों से राजस्थान में 10-11 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल-डीजल महंगा है। कड़ी आलोचनाओं के बाद भी अशोक






गहलोत सरकार ने पेट्रोल-डीजल की कीमतें नहीं घटाई थीं। दरअसल, राजस्थान सरकार को पेट्रोल-डीजल पर वैट से भारी कमाई हो रही है। वर्ष 2021-22 और 2022-23 में राज्य सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर वैट से 35,975 करोड़ रुपए का टैक्स जुटाया, जो देश के 18 राज्यों द्वारा वसूले गए 32,000 करोड़ के टैक्स से ज्यादा है। नई सरकार को पेट्रोल-डीजल की कीमतें अन्य भाजपा शासित प्रदेशों के बराबर करनी होगी। अभी हो रही कमाई की भरपाई कहां से होगी, यह नई सरकार के लिए एक चुनौती रहेगी। चुनाव से कुछ महीने पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में मुफ्त बिजली योजना शुरू की। मुफ्त बिजली योजना सरकार को भारी पड़ रही है। बिजली कंपनियां कंगाली के मुहाने पर पहुंच चुकी हैं। घाटा 1.20 लाख करोड़ से भी ज्यादा हो चुका है। फिलहाल घरेलू उपभोक्ताओं को 200 यूनिट और किसानों को 2000 यूनिट प्रतिमाह बिजली मुफ्त दी जा रही है।

मुफ्त बिजली योजना से अभी सरकार के खजाने को 7000 करोड़ रुपए वार्षिक का बोझ सहन करना पड़ रहा है। चूंकि, नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिछली सरकार की जनहित योजनाओं को जारी रखने का वादा किया है तो इस घाटे को पूरा करना उनके लिए बड़ी चुनौती रहने वाली है। अशोक गहलोत अपनी चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को सबसे ज्यादा प्रचारित करते आ रहे थे। उन्होंने पिछले बजट में बीमा राशि को 25 लाख रुपए कर दिया था। उनका चुनावी वादा था कि पुनः सरकार आने पर 50 लाख का बीमा दिया जाएगा। भाजपा शासित राज्यों में पांच लाख रुपए का आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा मिलता है। यह भी सभी के लिए नहीं है, जबकि राजस्थान में सभी को बीमा का लाभ दिया जा रहा है। चिरंजीवी योजना पर निर्णय लेना नई सरकार के लिए आसान नहीं होगा। अशोक गहलोत ने वरिष्ठ नागरिकों की वृद्धावस्था पेंशन बढ़ा दी थी और हर साल 15 फीसदी बढ़ोतरी का प्रावधान किया। इससे राज्य पर 12,000 करोड़ रुपए सालाना का बोझ पड़ा। इस योजना में अभी केंद्र सरकार का योगदान मात्र 367 करोड़ रुपए का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्जवला गैस धारकों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने का वादा किया है। राजस्थान में 76 लाख परिवार उज्जवला के अंतर्गत आते हैं। ऐसे में नई सरकार पर 750 करोड़ रुपए से ज्यादा का बोझ पड़ने वाला है। अभी योजनाओं को लागू करने के लिए राजस्थान सरकार भारी कर्ज ले रही है। सरकार ने इसी साल अप्रैल से अगस्त की तिमाही में 12,288 करोड़ कर्ज लिया और अक्टूबर से दिसंबर की तिमाही में फिर 14,000 करोड़ का कर्ज लेने की ओर सरकार बढ़ गई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022-23 में राजस्थान का कर्ज बढ़कर 5 लाख 37 हजार 013 करोड़ हो चुका है। पंजाब के बाद राजस्थान देश में सबसे ज्यादा कर्ज में डूबा राज्य है। वित्तीय प्रबंधन के अलावा नई सरकार के आगे कानून व्यवस्था बड़ी चुनौती रहने वाली है, क्योंकि यही एक ऐसा मुद्दा है, जिसे भाजपा ने सबसे ज्यादा उछाला था। दूसरा प्रतियोगी परीक्षाओं को करने के लिए भी नई सरकार को ठोस योजना बनानी पड़ेगी। राजस्थान अभी पेपर लीक के लिए बदनाम है। सांप्रदायिक सौहार्द बनाना भी नए मुख्यमंत्री के लिए बड़ा चैलेंज होगा, क्योंकि पिछले 5 सालों में करौली, भीलवाड़ा, जोधपुर समेत कई शहरों में सांप्रदायिक हिंसा हुई है। अभी 100 दिन की कार्ययोजना की बात भाजपा की ओर से की जा रही है। लोकसभा चुनाव तक पुरानी सरकार की योजनाएं चलती रहेंगी, ऐसा लगता है। 6 महीने बाद स्पष्ट होगा कि नए मुख्यमंत्री का विजन क्या है और वो जनता की अपेक्षाओं पर कितना खरा उतरे।

## संसद की सर्वोच्चता पर मुहर, केशवानंद भारती निर्णय के आगे एक बड़ी छलांग

केंद्र के अधिकारों को मजबूती देने के साथ न्यायपालिका की सीमा निर्धारित करने वाला यह फैसला केशवानंद भारती के आगे एक बड़ी छलांग है। मार्क ट्वेन ने कहा था कि सच के जूते पहनने तक झूठ आधी दुनिया का सफर तय कर लेता है। अनुच्छेद-370 संविधान के अध्याय-21 का हिस्सा है, जिसका शीर्षक अस्थायी और संक्रमणकालीन है। इस अस्थायी प्रावधान को स्थायी बताने के झूठ का पर्दाफाश करने में सात दशक लग गए। इस मामले में शीर्ष अदालत के न्यायिक फैसले से घड़ी की सुइयों को पीछे ले जाना मुश्किल था। संविधान पीठ में शामिल प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ के साथ बाकी चार जजों में से तीन आने वाले समय में शीर्ष अदालत के प्रधान न्यायाधीश होंगे। सभी पांच जजों ने सर्वसम्मति से फैसला देकर संविधान के तहत संसद और राष्ट्रपति की सर्वोच्चता पर मुहर लगाई है। इस फैसले में कुछ




बातें बड़ी साफगोई से कही गई हैं। जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है और विलय के बाद राज्य के पास कोई आंतरिक संप्रभुता नहीं बची थी। अनुच्छेद-356 के तहत राष्ट्रपति शासन के दौरान राष्ट्रपति और संसद राज्य की विधानसभा के अधिकारों को टेकओवर कर सकते थे। संविधान सभा का अस्तित्व खत्म होने के बाद अनुच्छेद-370 को हटाने के लिए जनमत संग्रह की कोई जरूरत नहीं थी। भारतीय संविधान के तहत राज्य के किसी हिस्से को केंद्र-शासित प्रदेश में बदलने के लिए संसद और केंद्र सरकार को अधिकार हासिल हैं। इसलिए लद्दाख को बगैर विधानसभा के केंद्रशासित प्रदेश बनाने का फैसला सही है। सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन के अनुसार जल्द चुनाव होंगे। इसलिए जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने और अनुच्छेद-3 की व्याख्या के मामले पर शीर्ष अदालत ने फिलहाल फैसला नहीं दिया है। न्यायमूर्ति कौल ने दक्षिण अफ्रीका के जुलू कबीले में प्रचलित उबंटू प्रथा को उद्धृत करते हुए करुणा और क्षमा के मानवीय आधार पर फैसला लिखा है। दक्षिण अफ्रीका से महात्मा गांधी का गहरा नाता था। तथ्यों और सच की जांच करने वाले आयोग से कश्मीर में भरोसा बढ़ेगा या नफरत की कहानियां? सोशल मीडिया में झूठ और फरेब के दौर में इसका फैसला जनता की अदालत में ही होगा। सर्वोच्च न्यायालय को संविधान का संरक्षक माना जाता है, लेकिन वह हर मर्ज की दवा नहीं है। कुछ लोग इस फैसले की नैतिकता के आधार पर आलोचना कर रहे हैं। हकीकत यह है कि अनुच्छेद-370 कश्मीर में भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण का सबसे बड़ा माध्यम बन गया था। नेताओं, आंदोलनकारियों और बड़े वकीलों को यह समझने की जरूरत है कि सच या झूठ के नैरेटिव को गढ़ने के लिए अदालतों के बेजा इस्तेमाल से संविधान के साथ लोकतंत्र कमजोर होता है। फैसले के बाद पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद और घुसपैठ से पीड़ित कश्मीर में अनिश्चितता के बादल छटेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में केंद्र सरकार के अधिकारों को मजबूती देने के साथ न्यायपालिका की सीमा निर्धारित करने वाला यह फैसला केशवानंद भारती के आगे एक बड़ी छलांग है। 370 की तर्ज पर किसी भी क्षेत्र या वर्ग के लिए विशिष्ट प्रावधान बनाना आसान है, लेकिन उन्हें खत्म करना कठिन है। इससे नेताओं और सरकारों को चेतना जरूरी है। न्यायपालिका के लिए इस फैसले के अनेक सबक हो सकते हैं। 2015 से लंबित मामलों की सुनवाई में कई साल का विलंब होने से शीर्ष अदालत की साख कमजोर हुई। उसके बाद इस मामले की 16 दिन तक मैराथन सुनवाई हुई। अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट में हर पक्ष के वकील को आधे घंटे बहस का मौका मिलता है। लेकिन भारत की शीर्ष अदालत में बड़े वकीलों से जुड़े मामलों में सुनवाई की कोई समय-सीमा न होने से बहमूल्य अदालती समय नष्ट होता है। इसकी भरपाई आम जनता और जूनियर वकीलों से जुड़े मामलों में होती है। राज्यपाल और स्पीकर द्वारा फैसलों में विलंब के खिलाफ शीर्ष अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। उसके द्वारा जारी गाइडलाइंस के अनुसार सुनवाई के बाद रिजर्व किए गए मामलों में तीन माह के भीतर फैसला होना चाहिए, जिसका इसमें पालन नहीं हुआ। जजों के अनुसार, फैसले संक्षिप्त और तार्किक होने चाहिए, जिसकी इस फैसले में अनदेखी हुई है। इसके खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर हो सकती है, लेकिन उससे फैसले में बदलाव की नगण्य संभावना है। पर राज्य में जल्द चुनाव नहीं हुए, तो नए राउंड की मुकदमेबाजी फिर से शुरू हो सकती है।

# प्रज्ञान - बच्चों के लिए संवेदनात्मक रचनाएँ

सन् 1989 में हरियाणा में जन्मे डॉ सत्यवान सौरभ बालसाहित्य के एक सुपरिचित हस्ताक्षर हैं। साहित्यकार, पत्रकार और अनुवादक डॉ सत्यवान सौरभ ने बच्चों के साथ ही बड़ों के लिए भी विपुल साहित्य सृजन किया है। बाल कविता की पुस्तकों के साथ ही प्रौढ़ साहित्य में दोहा, कथा, कविता, अनुवाद, रूपान्तर, सम्पादन की कई कृतियों का सृजन कर उन्होंने हिन्दी साहित्य में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। बीस वर्षों से स्वतंत्र रूप से लेखन कर साहित्य को समृद्ध कर रहे हैं। प्रज्ञान, बाल साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ जी की इक्यावन बाल कविताओं का सुन्दर संग्रह है। इन कविताओं में जीवन के विविध रंग देखने को मिलते हैं। इनमें प्रकृति का सौन्दर्य है तो समाज की कुरूपता भी है। जहाँ बचपन के आनन्द का सजीव चित्रण है वहीं आर्थिक विवशताओं के कारण काम के बोझ तले दबे बच्चों का मर्मस्पर्शी वर्णन है। बचपन जीवन का स्वर्णिम काल होता है लेकिन सभी बच्चों का बचपन एक - सा नहीं होता। कुछ बच्चों का बचपन काल के क्रूर हाथों द्वारा मसल दिया जाता है। इस कसक की झलक इस संग्रह में देखी जा सकती है-

कागज़ पर शिक्षा मिले, वादों में बस प्यार।  
बालदिवस पर बाँटते, भाषण प्यार-दुलार।।  
दो रोटी की चाह में, लूटता है संसार।  
फुटपातों पर रेंगते, झोली रहे पसार।।  
बचपन को यूं मिल रहा, सौरभ रोज दुलार।  
गाली की लोरी मिले, लातों के उपहार।।

संग्रह की पहली कविता %बने संतान आदर्श हमारी% है इसमें एक माता-पिता अपने आने वाले बच्चे के लिए सपने संजोते है। माता-पिता अपना बच्चा कैसा चाहते है। अपने आने वाले बच्चे के बारे में कवि सोचता है। हमारे नायकों का उदाहरण देते हुए कवि का कहना है कि उनका बच्चा भी जीवन में उनके अच्छे गुणों का समावेश करें और उनके बताये रास्ते पर चले। इस कविता में हमारे वीर-वीरांगनाओं का स्वाभाविक चित्रण हुआ है। कवि का मानना है कि हर आम बच्चे में हमारे आदर्शों का होना जरुरी है -

पुत्र हो तो प्रह्लाद-सा, राह धर्म की चलता जाये।  
ध्रुव तारा सा अटल बने वो, सबको सत्य पथ दिखलाये।।  
पुत्री जनकर मैत्रियी, गार्गी, ज्ञान की ज्योत जलवा दूँ मैं।  
बने संतान आदर्श हमारी, वो बातें सिखला दूँ मैं।।

बालसाहित्य बच्चों का साहित्य है। इसमें बच्चों की कोमल भावनाओं का ध्यान रखा जाता है। बच्चे मनोरंजन पसन्द करते हैं, लेकिन कवि चाहता है कि बच्चे जीवन के विषय में भी जानकारी प्राप्त करें। आसपास जो विसंगतियाँ फैली हुई हैं उनसे बच्चों को अवगत कराना भी कवि अपना धर्म समझता है। वह बच्चों की संवेदनशीलता को सम्पूर्ण समाज तक विस्तृत करना चाहता है। गूगल की आगोश में कविता में कवि की यह भावप्रवण संवेदना मर्मस्पर्शी है -

**छीन लिए हैं फ़ोन ने, बचपन से सब चाव।**  
**दादी बैठी देखती, पीढ़ी में बदलाव।।**  
**मन बातों को तरसता, समझे घर में कौन ।**  
**दामन थामे फ़ोन का, बैठे हैं सब मौन।।**  
**नई सदी में आ रहा, ये कैसा बदलाव।**  
**रिश्तों से ज्यादा हुआ, आज फ़ोन से चाव।।**

बच्चे प्रकृति से अपनापन अनुभव करते हैं। प्राकृतिक दृश्य उन्हें बहुत लुभाते हैं। कवि के अन्दर का नन्हा बच्चा भी प्रकृति के इन मनोरम दृश्यों को मुग्ध होकर देखता है। बचपन के वो गीत एक ऐसी ही कविता है जिसमें कवि ने बचपन का मानवीकरण करते हुए इसके क्षण - क्षण परिवर्तित रूप का बड़ा ही मनोहारी चित्रण किया है। प्रतीकात्मक और लाक्षणिक शैली का प्रयोग देखते ही बनता है -

बैठे-बैठे जब कभी, आता बचपन याद ।  
मन चंचल करने लगे, परियों से संवाद ।।  
मुझको भाते आज भी, बचपन के वो गीत ।  
लोरी गाती मात की, अजब-निराली प्रीत ।।  
छीन लिए हैं फ़ोन ने, बचपन से सब चाव ।  
दादी बैठी देखती, पीढ़ी में बदलाव ।।

कवि की करुणा का फैलाव हर दीन - दुःखी व्यक्ति से लेकर पशुओं तक है। आज देश भर में गाय पशु की स्थिति के प्रति कवि समानता, सहयोग और सहानुभूति का व्यवहार करने का आग्रह करता हुआ %गायों की दुर्दशा कविता में कहता है -

आज गाय माँ पर अरे, कुछ तो कर लो गौर।  
दूध पिलाती जो रही, खाकर सूखे कौर।।  
दूध थनों से क्या गया, सौरभ हुआ निचोड़।  
माता जैसी गाय को, दिया भटकने छोड़।।  
गौ है अपने देश में, बेबस और अनाथ।  
तभी उसे मिलता नहीं, अपने ही घर साथ।।

बच्चे की दुनिया माँ के आसपास घूमती है और माँ की दुनिया तो बच्चे ही होते हैं। माँ स्वयं दुःख सहकर बच्चे को हर सुख देना चाहती है। माँ हरियाली दूब एक छोटी - सी कविता है लेकिन इस कविता में कवि ने माँ की सारी ममता को गहराई के साथ उकेर दिया है

तेरे आँचल में छुपा, कैसा ये अहसास।  
सोता हूँ माँ चैन से, जब होती हो पास।।  
माँ ममता की खान है, धरती पर भगवान।  
माँ की महिमा मानिए, सबसे श्रेष्ठ-महान।।  
माँ कविता के बोल-सी,कहानी की जुबान।  
दोहो के रस में घुली, लगे छंद की जान।।

माँ, परिवार की धुरी होती है। माँ के त्याग और समर्पण के कारण ही घर सुचारू रूप से संचालित होता है। घर के सदस्यों की सुख - सुविधाओं का ध्यान रखते - रखते माँ अपने सुख की ओर कभी ध्यान नहीं देती। आँचल की छाया कविता में माँ के इसी त्यागमय स्वरूप के प्रति अपनी निश्छल संवेदना दर्शाता एक बच्चा कहता है -

**मंदिर- सम पावन अहो, शुभता शुचिता धार।**  
**हमें सतत देती यहाँ, मां जीवन आधार।।**  
**त्याग और बलिदान का, माँ ही है प्रतिरूप।**  
**आँचल की छाया करे, हर संकट की धूप।।**  
**माँ जैसा संसार में, सौरभ नहीं सुजान।**  
**माँ की वाणी में निहित , गीता का सब ज्ञान।।**

कवि का मानना है कि हमें परिवर्तनों को सहज स्वीकार करना चाहिए। बड़े - बुजुर्ग लोग हर समय परिवार के लिए मजबूत स्तम्भ रहें हैं। कवि को उनका जाना पसन्द नहीं है। दादा -दादी के जाने के बाद कवि का जीवन सूना हो गया है, कवि तरह - तरह की कल्पना करता है जिससे कि हर समय उसे उनकी याद आती है। %दादा-दादी कविता में कवि की कल्पना की ताजगी द्रष्टव्य है -

दादा-दादी बिन हुआ, सूना-सूना द्वार 7  
कौन कहानी अब कहे, दे लोरी का प्यार ।।  
दादा-दादी बन गए, केवल अब फरियाद।  
खुशियां आँगन की करे, रह-रह उनको याद।।  
रो ले, गा ले, हँस ले, दादा-दादी साथ।  
ये आँगन से क्या गए, जीवन हुआ अनाथ।।

इस कृति की कविता %अनुपम त्यौहार% में कवि ने त्योहारों का महत्त्व प्रतिपादित करते हुए कहा है कि त्यौहार प्यार और सद्भाव का भंडार होते हैं। त्यौहार न केवल हमारा मनोरंजन करते हैं, वरन तरह-तरह की जानकारियाँ देकर ये हमारे अनुभव का विस्तार भी करते हैं। स्वस्थ मनोरंजन और शिक्षा प्रदान करने वाले त्यौहार, बच्चों के सच्चे साथी होते हैं -

आभा जीवन की रहे, ÷तीज÷ और ÷त्योहार÷।  
रंग भरे मन में करे, नव जीवन संचार।।  
त्याग तपस्या जाप से, उगे नेह के बीज।  
हो पूरी मन कामना, पूजे भादो तीज।।  
रक्षा बंधन प्रेम का, हृदय का त्योहार ।  
इसमें बसती द्रौपदी, है कान्हा का प्यार।।

कवि की संवेदनशीलता का हाल यह है कि वह पुराने हो चुके झाड़ू में भी वृद्ध लोगों की छवि देखता है। कवि का हृदय वृद्धों की उपेक्षा से व्यथित है। काम लेकर फेंक देने की प्रवृत्ति, स्वार्थ और संकीर्णता पर आधारित है। वृद्धों का सम्मान करने की सीख देती कविता वृद्धों की हर बात का अद्भुत है -

वृद्धों की हर बात का, रखता कौन खयाल।  
आधुनिकता की आड़ में, हर घर है बेहाल।।  
यश वैभव सुख शांति के, यही सिद्ध सोपान।  
घर है बिना बुजुर्ग के, खाली एक मकान।।  
होते बड़े बुजुर्ग है, सारस्वत सम्मान।  
मिलता इनसे ही हमें, है अनुभव का ज्ञान।।  
सबकी खिड़की बंद है, आया कैसा काल।  
बड़े बुजुर्गो को दिया, घर से आज निकाल।।

उक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि प्रज्ञान बाल संग्रह की रचनाओं का प्रमुख स्वर मानवीय संवेदना और करुणा है। शांत नदी की तरह बहती ये कविताएँ पाठक के मन को शीतल भावों की लहरों से भिगो देती हैं। इन कविताओं में गम्भीरता एवं शालीनता है और तटबंधों का अनुशासन है। पर्यावरण, मौसम, धूप, सुबह, चिड़िया, तितली, गिलहरी, पत्ते, घास, हाथी, बादल,झील, चाँद, सूरज, बचपन, मम्मी, पापा, दीया, चिठ्ठी-पत्री, बेटियां, नया साल, देश, त्यौहार, नैतिकता, क्षमा भाव, हमारे शहीद, ट्यूशन, गूगल, तिरंगा, किताब, स्कूल, पुलिस, नाना-नानी और अन्य रिश्तों आदि विषयों पर बालमनोविज्ञान के अनुरूप सुन्दर रचनाओं का सृजन पूरी गम्भीरता के साथ किया गया है । ये रचनाएँ एक हल्के - से घटनाक्रम को लेकर आगे बढ़ती हैं अतः इनमें कथातत्त्व का भी समावेश है जो जिज्ञासा से बालमन को अंत तक बाँधे रखता है। इन कविताओं में बच्चों ही नहीं, अभावों से जूझते समाज के श्रमिक वर्ग का भी चित्रण है। इन सबका उद्देश्य यह है कि कवि बच्चों की कोमल भावनाओं की रक्षा करते हुए उनमें दुखियों के प्रति संवेदना का भाव जगाना चाहता है। छन्द में लिखी ये रचनाएँ गीत और कविता का मिलाजुला रूप है। इनमें लय और प्रवाह है जो इन कविताओं को प्रभावशाली बनाता है। भाषा बालमन के अनुरूप सरल, सरस और सहज बोधगम्य है। मुद्रण सुन्दर एवं त्रुटिरहित है। फैलते आकाश के साथ प्रज्ञान के मनमोहक चित्र से सजा आवरण अत्यन्त आकर्षक है। बालमन को लुभाने वाले मनोरंजक एवं संवेदनशील कविताओं से सजी पठनीय कृति %प्रज्ञान% के सृजन के लिए डॉ सत्यवान सौरभ जी को हार्दिक बधाई।

# एस जी पी जी आई का मनाया गया 40 वां स्थापना दिवस

रघुनाथ सिंह द अचीवर टाइम्स




**लखनऊ ।** पीजीआई से किसी मरीज को बिना इलान न भेजें-बृजेश पाठक शहर के अस्पतालों को बीच आपसी सहयोग से करें इलाज। पीजीआई से किसी भी मरीज को बिना इलाज लौटाए के बजाए उसका उपचार करें। स्ट्रेचर पर उपचार करें। स्ट्रेचर न होने पर एम्बुलेंस में जाकर प्राथमिक उपचार देकर ही दूसरे अस्पताल भेजें। यह बातें डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने गुरुवार को पीजीआई के 40 वें स्थापना दिवस पर कही। मरीज यहां बड़ी उम्मीद और आशा के साथ आते हैं। डॉक्टर को भगवान इसी लिये कहा जाता है कि वह मरीज को उपचार करें न कि बिना इलाज लौटाएं। जीवन और मृत्यु तो इश्वर के हाथ में है। सरकार संस्थान को सभी सुविधा मुहैया करा रही है। राज्य मंत्री चिकित्सा शिक्षा मयंकेश्वर शरण सिंह ने मरीज देखने से लेकर ऑपरेशन की संख्या में दो गुना की वृद्धि करें। डीन शालीन कुमार ने धन्यवाद प्रस्तुत किया।

**मरीजों को सस्ता उपचार दें**

जन स्वास्थ्य सहयोग के संस्थापक डा. रमन कटारिया बताया कि मरीज को सस्ती दवाएं लिखें। जांच और ऑपरेशन के लिए कई बार दौड़ाए नहीं हैं। जेनेरिक दवाओं का इस्तेमाल किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ के आदिवासी इलाके में काम करते है देखा कि कुपोणण के कारण टीबी सहित दूसरे बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है। छत्तीसगढ़ में वह इसे अपना रहे हैं। मरीजों कई बार न दौड़ाएं। इसमें उनका बहुत खर्च हो जाता है। गरीब मरीजों के लिए बड़ी मुश्किलें होती हैं।

**छह माह में इमरजेंसी के 210 बेड क्रियाशील होंगे**

पीजीआई निदेशक डॉ. आरके धीमन ने बताया कि इमरजेंसी में 210 बेड छह महीने में शुरू हो जाएंगे। ताकि ज्यादा से ज्यादा मरीजों को उपचार किया जा सके। उन्होंने बताया कि ब्रेन ट्यूमर के मरीजों को बिना सर्जरी इलाज देने के लिए संस्थान के न्यूरो सर्जरी को गामा नाइफ की सुविधा शुरू होगी।। निदेशक प्रो.आरके धीमान ने कहा कि इसके लिए हम सरकार के स्तर प्रयास किया जा रहा है।

**स्थापना दिवस पर हुआ रक्तदान**

स्थापना दिवस कर्मचारी नेता धर्मेश कुमार , तकनीकी अधिकारी अखिलेश कुमार, शिंदे, राम शरण सहित 25 से अधिक लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस मौके पर क्रिकेट मैच. फल वितरण, वृक्षारोपण सहित कई कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

**इनको मिला बेस्ट रिसर्च एवं बेस्ट कर्मचारी का सम्मान**

**संकाय सदस्य मेडिकल**

**डा. अंशु श्रीवास्तव- पीडियाट्रिक गैस्ट्रो एन्ट्रोलॉजी**

**डा. जिया हाशिम-** पल्मोनरी मेडिसिन डा. दुर्गा प्रसन्नता मिश्रा- क्लीनिक इम्यूनोलॉजी जा. जया कृष्णन- इंडोक्राइनोलॉजी संकाय सदस्य सर्जरी डा. गौरव अग्रवाल ङ्क इंडो सर्जरी डा. आशीष कनौजिया- एनेस्थीसिया ।डा. वेद प्रकाश मौर्य ङ्क न्यूरो सर्जरी । डा. आशुतोष कुमार ङ्क न्यूरो सर्जरी संकया सदस्य वेसिक साइंस डा. सीपी चतुर्वेदी- हिमोटोलॉजी डा. रोहित सिन्हा- इंडोक्राइनोलॉजी। डा. निधि तेज माइक्रोबायोलॉजी संकाय सदस्य क्लीनिकल डा. चिन्मय साहू माइक्रोबायोलॉजी । डा. कुंतल **कांति दास-** न्यूरो सर्जरी। डा. अरग्या सामाता- पीडियाट्रिक गैस्ट्रो छात्र।**डा. दर्पण-** क्लीनिक इम्यूनोलॉजी । डा. अविनाश डी गौतम- रेडियोलॉजी । **डा. अर्चना तिवारी** एंडोक्राइन

**डा. नेहा शुक्ला-** यूरोलॉजी डा. दीन दयाल ङ्क मॉलिक्यूलर मेडिसिन । डा. अजय चावन- न्यूरोलॉजी ।डा. स्पंदना जे ङ्क इंडो सर्जरी। डा. तरुण कुमार- पीडियाट्रिक सर्जरी। डा. निखिल सी- क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी। डा. शोर्य सौरभ- नेफ्रोलॉजी। डा. टूबा क्यूमर- क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी। डा. टीनू सिंह ङ्क सीसीएम । डा. रिनीली- इंडो सर्जरी। डा. आशीष रंजन- यूरोलॉजी। डा. नजरीन हमीद ङ्क न्यूरो आटोलाजी । डा. पूजा ङ्क मेडिकल जेनेटिक्स डा. प्रगति सक्सेना- हिमोटोलॉजी। डा. सौरव वैश्य ङ्क मेडिकल जेनेटिक्स । डा. भारत ङ्क न्यूरोलॉजी। डा. विदुषी सिंह माइक्रोबायोलॉजी । डा. प्राची अग्रवाल- नियोनाटोलॉजी। बेस्ट कर्मचारी डीएम एमसीएच। महिपाल सिंह बेस्ट ।टेक्नोलॉजिस्ट इंडोक्राइनोलॉजी। श्री कुमार पीके- बेस्ट नर्स पीडियाट्रिक सर्जरी । सुनील कुमार ङ्क बेस्ट नर्स नियोनेटोलॉजी । डा. शैला फरहीन- बेस्ट एमडी पैथोलॉजी । डा. पूजाना ङ्क बेस्ट एमसीएच- पीडियाट्रिक सर्जरी । डा. श्रीकांत ङ्क बेस्ट डीएम- गैस्ट्रोएंटरोलॉजी]

नए पंजीकरण -एक लाख 16 हजार
ओपीडी में सलाह- 8 लाख 30 हजार
भर्ती : 55 हजार
सर्जरी -14 हजार

## हरदोई में खनन माफियाओं के हौंसले बुलंद
## सरकार के आदेश कितने असरदार?



हिमांशु त्रिपाठी (द अचीवर टाइम्स)

**हरदोई।** सूबे में खनन माफियाओं पर लगाम लगाने के लिए पीएम मोदी से लेकर सीएम योगी ने भी तमाम आदेश जारी किए, लेकिन सरकार के आदेशों का कितना असर है.. हरदोई में यह आप साफ तौर पर तस्वीरों में देख सकते हैं कि किस तरीके से खनन माफिया खुलेआम धरती का सीना चीर कर मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं, लेकिन अफ़सोस कि प्रशासन भी खनन माफियाओं पर कार्यवाही नहीं कर रहा है.. ऐसे में खनन माफियाओं का कारोबार खूब फल फूल रहा है। हरदोई के मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के कछियन पुरवा में मिट्टी का अवैध खनन लगातार हो रहा है। पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से मिट्टी का अवैध खनन कर रहे ठेकेदार। इनको ना तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों का कोई डर है और ना ही पुलिस प्रशासन का.. ऐसे समझा जा सकता है कि हरदोई में खनन माफियाओं के हौंसले कितने बुलंद हैं। खुलेआम धरती का सीना चीर कर जेसीबी मशीनों, ट्रैक्टर-ट्रॉली या फिर डंफर द्वारा खुदाई कर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है.. ऐसे में जिम्मेदारों की चुप्पी भी कई सवाल खड़े करती है।

## एक नज़र

### सुर सरगम म्यूजिकल ग्रुप में ने बिखेरा जलवा

द अचीवर टाइम्स संवाददाता



**रामनगर बाराबंकी।** महादेवा महोत्सव में आज शाम सुर सरगम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रविंद्र यादव ने माता जिनकी पार्वती पिता महादेवा गीत से किया। सुष्मिता शर्मा व रविंद्र ने हर हर शंभू शंभू शिवा महादेवा गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया। सुष्मिता शर्मा ने ÷हो बाबा इतनी कृपा तेरी पाती रहूं÷ को लोगों ने खूब सराहा। ढोलकवादक अंशुमान, आर्गन वादक जितेश वर्मा, पैड वादक प्रमोद, शेखर और सुजल ने शानदार प्रस्तुति की। म्यूजिकल गीत पर नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा शानदार नृत्य का कार्यक्रम भी लोगों ने खूब सराहा।

### पूर्व सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए: डी0एम0

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला




**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सैनिक बन्धु की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। प्रत्येक थाना क्षेत्र में भूतपूर्व सैनिकों के साथ नियमित बैठक की जाए। 16 दिसम्बर को विजय दिवस में कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। बैठक में पूर्व सैनिकों ने अपनी समस्याएं रखी जिनके निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल ओपी मिश्रा व भूतपूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

### 28 से 30 दिसम्बर तक ग्रामों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए: जिलाधिकारी

15वें वित्त व राज्य वित्त की धनराशि के नियमानुसार व्यय करायर जाए:एम0पी0 सिंह

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला



**हरदोई।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास विभाग की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि राशन मॉडल शॉप का निर्माण जल्द कराया जाए। अवशेष भूमि चिन्हीकरण का कार्य जल्द कराया जाए। राशन कार्डों के सत्यापन में तेजी लायी जाए। ग्राम चौपाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर 28 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक ग्रामों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। जनपद स्तरीय मेले की तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। संगोष्ठी का आयोजन किया जाए। सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। ग्राम-चौपाल का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जनपद स्तरीय कार्यक्रम की भांति ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाए। जनपद में व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण में तेजी लायी जाए। 15वें वित्त व राज्य वित्त की धनराशि के नियमानुसार व्यय को सुनिश्चित कराया जाए। विकास कार्य किये जायें। विकसित भारत संकल्प यात्रा में अधिक से अधिक लाभार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विकास अधिकारी अरविन्द कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले में पहली चेस चैंपियनशिप प्रतियोगिता में खिलाड़ी दिखाएंगे अपने गुर

द अचीवर टाइम्स संवाददाता




**हापुड़।** जिले में पहली बार चेस चैंपियनशिप जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में आयोजित की जा रही है। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में यू पी स्टेट चैंपियनशिप अंडर 15 ओपन 2023 24 इंटरनेशनल रेटिंग तथा यू पी स्टेट चेस चैंपियनशिप अंडर 15 गर्ल्स 2023 24 का आयोजन यूपी चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 15 से 17 दिसंबर में किया जा रहा है । यू पी स्टेट चेस चैंपियनशिप का आयोजन डॉ संजय कपूर प्रेसिडेंट उत्तर प्रदेश चैस स्पोर्ट्स एसोसिएशन, ए के रायजादा सेक्रेट्री उत्तर प्रदेश चैस स्पोर्ट्स एसोसिएशन तथा डॉ आयुष सिंघल मैनेजिंग डायरेक्टर जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ,जिला खेल कार्यालय की देखरेख में होगा । इस चैंपियनशिप में अंडर 7 अंडर , 9 अंडर , 11 अंडर, 13 तथा अंडर 15 के लिए चेस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है । यह तीन दिवसीय कार्यक्रम 15 से 17 दिसंबर तक जेएमएस वर्ल्ड स्कूल में किया जाएगा जिसमें उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से खिलाड़ी प्रतिभा दिखाने आएंगे उन सभी खिलाड़ियों के रहने व खाने का आयोजन भी जेएमएस वर्ल्ड स्कूल की ओर से किया जाएगा। इसमें अभी तक 150 रेजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। इस चैम्पियनशिप के विनर्स को सीधा नेशनल खेलने का मौका मिलगा। तथा इस चेम्पियनशिप के विनर्स को कुल 30 हजार से ज्यादा के पुरस्कार वितरित किये जाएगे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**रामनगर बाराबंकी।** महादेवा महोत्सव के चतुर्थ दिवस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये।रासरंग संस्था के अमन सिंह द्वारा प्रस्तुत ताण्डव नृत्य देख दर्शक मंत्र मुग्ध हो गये। रास रंग की टीम ने सामुहिक नृत्य व जन्में अवध में राम मंगल गाओ रे गीत पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया जिसे देखकर पूरा पांडाल तालियों की गडगडाहट से गूँज उठा। जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीएम नागेंद्र पांडेय,नायब तहसील दार शैलेश सहित राजस्व कर्मी व काफी दर्शक उपस्थित रहे। मेला मैदान में कराई गई फागिंग, व्यवस्था में मुस्तैद रही पुलिस महादेव मेला मैदान में आज मैथिली ठाकुर के कार्यक्रम के आयोजन को देखते हुए तहसील व पुलिस प्रशासन सक्रिय रहा । क्योंकि मैथिली ठाकुर के कार्यक्रम में काफी भीड़ होने की भी उम्मीद जताई जा रही थी। चौकी प्रभारी संतोष त्रिपाठी व प्रभारी निरीक्षक रत्नेश पांडे सुरक्षा व्यवस्था में पूरे दल बल के साथ मुस्तैद दिखे।

### अयोध्या के अधिवक्ताओ और वादकारियों को मिलेगी निजात

**अयोध्या।** फैज़ाबाद कचहरी के मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम से मिलेगी निजात, अधिवक्ताओं व वादकारियों के लिए कचहरी के पीछे बनकर तैयार हुई मल्टीलेवल पार्किंग । बताया जाता है कि लगभग 96त्न काम पूरा हो गया । राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत 37 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जा रही है मल्टीलेवल पार्किंग । पार्किंग में 282 चार पहिया व।309 दो पहिया वाहन खड़े करने की व्यवस्था है । जल्द ही इसका उद्घाटन होगा । 2007 में कचहरी में हुए बम ब्लास्ट के बाद कचहरी परिसर में दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग पर लगा था प्रतिबंध जिसके कारण कचहरी के बाहर मुख्य मार्ग पर वाहन खड़ा करते हैं वकील और वादकारी।

## अगुवाई औरतों के नाम से रेड ब्रिगेड द्वारा चलाया गया अभियान!

द अचीवर टाइम्स ङ्क निखिल मिश्रा



**हरदोई।** लड़की निडर, करे वोट की फ़िकर अभियान रेड ब्रिगेड लखनऊ और एमरेन फाउंडेशन की टीम के द्वारा चलाया जा रहा है। इस अभियान में स्कूल/कॉलेज में जाकर बच्चियों/छात्राओं को वोट देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिसमें 14 दिसम्बर को भारतीय बालिका विद्यालय शाहनज़फ् रोड में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां छात्राओं को वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वीरेंद्र स्वरूप स्कूल की पूर्व प्रधानाचार्य और सोशल ऐक्टिविस्ट वंदना अग्रवाल जी ने छात्राओं को राजनीति समझ बनाने और एक तिहाई आरक्षण और राजनीति की विषय पर क्विज प्रतियोगिता का कार्यक्रम रखा और पहले नंबर पर आए छात्र को इनाम देकर उसका मनोबल बढ़ायाकिया साथ ही भविष्य की मतदाताओं को अपने परिवार को वोट की महत्वता बताने को कहा और वोट करने के लिए उत्साहित किया। रेड ब्रिगेड टीम की संस्थापिका ऊषा जी ने छात्राओं को राजनीति के साथ आत्मरक्षा भी ज़रूरी है के लिए आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया, रेड ब्रिगेड के सदस्यों के साथ मिलकर छात्राओं को ÷सेल्फ डिफेंस का प्रशिक्षण दिया और सभी छात्राओं को आत्मरक्षा की ट्रेनिंग के साथ आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया। स्कूल की छात्राओं ने इस पूरे कार्यक्रम के व्याख्यान का लाभ उठाया। स्कूल की प्रधानाचार्या रीता टण्डन जी ने पूरे कार्यक्रम में उपस्थिति रहकर छात्राओं का हौंसला बढ़ाया। इस इस कार्यक्रम में रेड ब्रिगेड के सदस्य लक्ष्मी, पूजा, मानशी सिंह अन्नू, समीर, शिवम, खुशी मौजूद रहे।

## जेब खर्चा पूरा करने के लिए की लूट पुलिस ने किया तीनों को गिरफ्तार

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला



हरदोई उत्तर प्रदेश सरकार बनने के बाद जहां कानून व्यवस्था में अनेकों बदलाव देखने को मिले वहीं दूसरी हो नौजवान युवकों में बेरोजगारी भी देखने को मिल रही है आज ऐसा ही एक मामला सामने आया है। जहां पर तीन लुटेरों ने जेब खर्च के लिए एक लूट को अंजाम दिया और पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला जिले के अतरौली थाना क्षेत्र के गड़रिया खेड़ा का है जहां पर शिकायतकर्ता अनिल कुमार पुत्र छोटेलाल ने बताया कि वहाँ 12 तारीक को अपना मेडिकल स्टोर बंद कर अपने घर जा रहा था तभी पावर हाउस के निकट तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उसके साथ लूट की घटना को अंजाम दिया ।और हाथ पैर बांधकर खेतों में छोड़ दिया। जिसकी शिकायत पर अतरौली पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक को जैसे ही लूट की घटना की सूचना लगी तो पुलिस अधीक्षक ने तीन टीमों को लूट की घटना का खुलासा करने के लिए लगा दिया आज मुखबिर द्वारा अतरौली पुलिस को सूचना मिली कि पवाया रोड पर नहर पुलिया के पास दो संदिग्ध लोग मौजूद हैं ।पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करते हुए पूछताछ की तो पता चला की सोनू गौतम पुत्र भूधर उम्र 20 वर्ष निवासी बसंतपुर मवई खुर्द थाना माल लखनऊ, गोलू गौतम पुत्र देवी प्रसाद निवासी ग्राम किरला थाना अतरौली को गिरफ्तार किया गया । जिसे कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्हें उन्होंने अपने तीसरे साथी विवेक यादव पुत्र महेश यादव ग्राम फतेहपुर थाना अतरौली के बारे में बताया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया ।जिन सभी जे पास से एक मोबाइल ,1100 रुपये ,एक देशी तमंचा 315 बोर ,एक तमंचा 12 बोर ,जिंदा कारतूस और एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल और ओमनी कार बरामद की गयी। पुलिस अधीक्षक ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए बताया कि तीनों आरोपी को गिरफ्तार किया गया है संबंधित धाराओं में जेल भेजा जा रहा है।

## बिजली लाइन की चपेट में आकर दो मजदूर झुलसे

### एक निर्माणधीन मकान में निर्माण कार्य के दौरान हुआ हादसा




❖ **थाना रामचन्द्र मिशन प्रभारी निरीक्षक ने तत्काल घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया**

द अचीवर टाइम्स दीपक सिंह

**शाहजहांपुर।** बिजली लाइन की चपेट में आने से दो मजदूर गम्भीर रूप से झुलस गए। आनन फानन में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के रौसर कोठी में निर्माणाधीन मकान में मजदूर काम कर रहे थे। जिसमें दो मजदूर नीचे से ऊपर सरिया पहुंचा रहे थे इसी दौरान पास से निकली हाई टेंशन लाइन में सरिया छू गई जिससे दोनों मजदूर झुलस गए। सूचना पर पहुंचे रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान ने घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन घायलों की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। वही सूचना पर तमाम आला अधिकारी अस्पताल पहुंच गए। जहां उन्होंने घायलों के परिजनों से जानकारी ली। झुलसे मजदूर गंगाधर और इसरार दोनों रौसर कोठी ग्राम पंचायत चौढेरा के ही रहने वाले हैं।

### एक साल तक विधायक करता रहा दरिंदगी, नौ साल बाद दोषी करार; पढ़ें- क्या है पूरा मामला?

**सोनभद्र।** म्योरपुर थाने में दर्ज मुकदमे के मुताबिक, रामदुलार ने नाबालिग को धमकाया और एक वर्ष तक दुष्कर्म करता रहा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना करने के बाद चार्जशीट अदालत में दाखिल की गई। 8 दिसंबर 2023 को दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने बहस कर अपना पक्ष रखा था। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दुद्धी से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को मंगलवार को दोषी करार दिया गया। साथ ही न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। 15 दिसंबर को भाजपा विधायक को सजा सुनाई जाएगी। अगर दो वर्ष से ज्यादा की सजा मिली तो रामदुलार गोंड को विधानसभा की सदस्यता जाएगी। नाबालिग से चार नवंबर 2014 में दुष्कर्म हुआ था। नौ वर्षों से मामले की सुनवाई अदालत में चल रही थी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम का किया गया आयोजन

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला



**हरदोई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम विकास खण्ड भरावन के ग्राम गोड़वा व बहुती में माननीय ब्लाक प्रमुख विनोद सिंह तोमर जी द्वारा प्रतिभाग किया गया। ब्लाक प्रमुख जी द्वारा ग्राम वासियों/गरीबो के उत्थान हेतु चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वा केन्द्र सरकार द्वारा गरीबो, नौजवान, महिलाओं के उत्थान हेतु काफी योजनाये चलाई जा रही है। जिससे उनके जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है तथा वह हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहे है। विकास खण्ड शाहाबाद के ग्राम कछलिया व पुरवा पिपरिया में माननीय ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा जी द्वारा यात्रा कार्यकम की आगवानी की गई। उन्होंने कहा कि किसानो नौजवानो के हितार्थ चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई । आज देश के लगभग प्रत्येक किसान को पीएम किसान निधि योजना का लाभ व राशन प्राप्त हो रहा है। विकास खण्ड साण्डी के ग्राम तेरापुर पुरसौली व जिगनिया चौगंवा में माननीय ब्लाक प्रमुख अनिल कुमार राजपुत जी द्वारा यात्रा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया । इस मौके पर माननीय ब्लाक प्रमुख जी द्वारा कृषि, स्वास्थय, ग्राम्य विकास, आगनबाडी एवं अन्य विभागो द्वारा लगाये गये स्टालो का निरीक्षण किया गया । विकास खण्ड सुरसा के ग्राम धुन्नी तिसौरा व सरसईया, विकास खण्ड बावन के ग्राम जिलगांव व शेखपुर, विकास खण्ड सुरसा के ग्राम धुन्नी तिसौरा व सरसईया, टडियावां के ग्राम जैराजपुर व कुआमऊ सिमरौली, विकास खण्ड अहिरोरी के ग्राम फरीदापुर व पुन्निया में, विकास खण्ड सण्डीला के ग्राम जमकुरा व तरफ मण्डई, विकास खण्ड भरखनी के ग्राम नगला मैसी व महमूदपुर में, विकास खण्ड माधैगंज के ग्राम राधवपुर व नेवादा में, विकास खण्ड बिलग्राम के ग्राम रहुला व शाहपुरमें, विकास खण्ड पिहानी के ग्राम रैगाई व कृवरपुर बघेला, विकास खण्ड मल्लावा के ग्राम सराय सुल्तान व शहाबुद्दीनपुर विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यकम स्थल पर प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, ग्राम प्रधान, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टाल कार्यकम के मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे, जिसमें ग्राम वासियों की एनीमिया की जांच, शुगर की जांच, बी0पी0 की जांच और अन्य चिकित्सा स्वास्थ्य की जांच निशुल्क की गयी और निशुल्क दवा भी वितरित की गयी। माननीय मुख्य अतिथि/जन प्रतिनिधियों द्वारा पीएम कुसुम योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी कृषको को प्रमाण पत्र/स्वीकृत पत्र वितरित किये गये । विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम में कृषि विभाग के कार्मिको द्वारा पीएम किसान योजना के अन्तर्गत ई-केवाईसी, भूलेख अंकन, केसीसी एवं नये पंजीकरण मौके पर कराये जा रहे। कृषको को श्री अन्न (मिलेट्स) के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई । मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की जानकारी भी दी गई । कृषको को रबी की फसलों की तकनीकी जानकारी के साथ फसलो की लाइन से रोपाई एवं बुबाई के लिये प्रेरित किया गया । कृषको को प्रमाणित बीजो के बारे में जानकारी दी गई । कृषक राजकीय कृषि बीज भण्डार से प्रमाणित बीजो पर 50 प्रतिशत अनुदान पर प्राप्त कर सकते है। उपरोक्त कार्यक्रम में आज कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं खाद्य आदि विभागों के कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शाओं के निर्धारित हुए रुट




द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशान अनुसार यातायात प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह ने जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाने हेतु ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन करते हुए ई-रिक्शाओं पर एचयूडी नम्बर आवंटित कर उनके रूट निर्धारित किए जा रहे हैं। एवं सभी ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों का अक्षरशः पालन करते हुए निर्धारित मार्ग पर चलने की हिदायत देते हुए कहा कि जिस प्रकार ई रिक्शा चालकों को रूट निर्धारित किए हैं वह अपना वाहन इस मार्ग पर चलाएं और यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उसके खिलाफ कार्रवाई होगी और सभी जनपद के ई- रिक्शा चालक समय रहते हुए पुलिस लाइन यातायात कार्यालय पर आकर एचयूडी नम्बर लेकर निर्धारित किए हुए रुट पर चलाये।

## एक नज़र

### आई जी एल कंपनी द्वारा सीएनजी पंप का किया शुभारंभ



**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**

**हापुड़ ।** प्रीत विहार ट्रांसपोर्ट नगर में आईपीएल कंपनी द्वारा सीएनजी पंप का शुभारम्भ किया गया। जिससे अब हापुड से दिल्ली की तरफ जाने वाले रास्ते पर लोगों को आसानी से सीएनजी मिल जाएगी। आईजीएल कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर कमल किशोर चिट्ठीवाल, निदेशक वाणिज्यिक- पवन कुमार, सीएमओ-राजीव कुमार, सत्येन्द्र पाल, नियंत्रण प्रभारीसंजीव कुमार दोहरे और भूदेव सिंह, विनोद कुमार ढाका, राकेश अगरवाल, दीपचंद जैन एवं समाज सेवी जोगेंद्र दास, सीए जितेंद्र पाल व अन्य आईजीएल व पीएनजी के कर्मचारी द्वारा शुभारम्भ किया गया है।

### आनंदा डेयरी लिमिटेड ने बिलोना घी को किया लांच

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा स्थित आनंदा डेयरी लिमिटेड खैरपुर खैराबाद प्लांट में बिलोना घी को दर्जनों डिसटीब्यूटरों के साथ लॉन्च किया। तो वही आनंदा डेरी चेयरमैन डॉक्टर राधेश्याम दीक्षित ने बताया है कि हमने यह घी उच्च गुणवत्ता वाला जैसा घर पर दही को बिलोकर तैयार होता। उसी प्रकार उसको तैयार किया गया है जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। चेयरमैन ने बताया कि आनंदा प्रत्येक प्रोडक्ट को सभी पैरामीटर पर चेक कर उच्च गुणवत्ता का प्रोडक्ट तैयार करती है । हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने आनंदा डेयरी के चेयरमैन डॉक्टर राधेश्याम दीक्षित को औद्योगिक एडवाइजरी का सदस्य भी नियुक्त किया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने हाल ही में आनंदा डेयरी और ब्राजील के साथ कोलोब्रेशन की प्रशंसा भी की। बिलोना घी के लांच के समय दर्जनों डिस्ट्रीब्यूटर उपस्थित रहे।

### नगर निगम के तत्वाधान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत अशफाक उल्ला खान की मजार के पास बैन वाहन के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**

**शाहजहांपुर ।** महानगर वासियों द्वारा किया गया सकिय प्रतिभाग। नगर निगम शाहजहांपुर के तत्वावधान में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत नगर क्षेत्र के अशफाक उल्ला खाँ की मजार के पास दोपहर 2 बजे से वैन वाहन के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मोदी की गारंटी वाली गाडी के माध्यम से भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित संचालित विभिन्न प्रकार की योजनायें जैसे- पी0एम0 स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), अमृत मिशन 2.0 योजना, मेरी कहानी मेरी जुबानी, स्मार्ट सिटी मिशन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम मुद्रा योजना, स्टार्टअप योजना, जन-धन योजना, स्टैंडअप इंडिया योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम ई-बस सेवा योजना, पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, पीएम सौभाग्य योजना के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की योजनाओं के सम्बंध में जागरुक किया गया और इन योजनाओं से जुड़ने की अपील की गई। इस अवसर पर महाप्रबन्धक (जल) सौरभ श्रीवास्तव द्वारा मोदी की गारंटी वाली गाड़ी में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने की अपील भी की गई। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत भारत को एक नई दिशा में ले जाने के लिए अनुरोध किया गया। अपील की गई कि अधिक से अधिक इस अभियान से जुडकर सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक हो और अधिक से अधिक सरकारी योजना का लाभ भी प्राप्त करे। इसके उपरांत महाप्रबन्धक जल सौरभ श्रीवास्तव, क्षेत्रीय मा0 पार्षद जितेन्द्र कुमार एवं तालिब द्वारा उज्जवला योजना के अंतर्गत लाभान्वित लाभार्थियों को गैस चूला वितरित किये गए। इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं के कैम्प भी लगाए गए, जिसमे जनमानस द्वारा जानकारी ली गयी। कार्यक्रम के समापन के समय महाप्रबधंक जल द्वारा उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। साथ ही आयोजित क्विज में पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दिए जाने वाले विजेता मो0 आमिर को महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव एवं क्षेत्रीय मा0 पार्षद द्वारा टी शर्ट, कैलेंडर, उपहार एवं क्विज में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र, कैलेंडर तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा से सम्बंधित पुस्तक दी गयी तथा उत्साहवर्धन भी किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में क्षेत्रीय मा0 पार्षद जितेन्द्र, तालिब, कर अधीक्षक सदानंद, जिला कार्यक्रम प्रबधंक सैफ सिद्दीकी, आई0ई0सी0 वैन नोडल ऑफीसर रजनीश चन्द्र गुप्ता, रजनीश राठौर, सौरभ तिवारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा जन-प्रतिनिधि व हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रजनीश राठौर द्वारा किया गया।

### हवन पूजन कर धनुष यज्ञ मेले का हुआ शुभारंभ



**द अचीवर टाइम्स दीपक सिंह**

**खुटार।** हर वर्ष की बात इस वर्ष भी नगर खुटार में धनुष यज्ञ मेला लग रहा है।मेला प्रबंधक सौरभ प्रताप सिंह ने नगर एवं क्षेत्र के सम्मानित अतिथियों को बुलाया सभी अतिथियों के साथ हवन पूजन कर धनुष यज्ञ मेले का शुभारंभ किया।आए हुए अतिथियों का मेला प्रबंधक सौरभ सिंह एवं उनके छोटे भाई वैभव प्रताप सिंह ने स्वागत किया।मेला प्रबंधक सौरभ प्रताप सिंह ने बताया है कि मेले में आने वाले दुकानदारों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। मेले में हर वर्ष की बात इस वर्ष भी सभी प्रकार के झूले सर्कस व दुकाने लग रही हैं।उन्होंने कहा नगर के बीचो-बीच धनुष यज्ञ मेला बरसों से लग रहा है। सभी के मनोरंजन के लिए मेला मेले का आयोजन किया जाता है।आप सभी का मेला हैं आप सभी लोग मेले में आए और मेले में सहयोग करें।कार्यक्रम में मेला प्रवंधन सौरभ सिंह, बैभव सिंह, डॉक्टर कृष्ण मुरारी शुक्ला, पप्पू सिंह मलिका ओमकांत शुक्ला भानू प्रातप सिंह, पंकज सिंह, मेला मीडिया प्रभारी संतोष तिवारी पत्रकार,पवन सक्सेना पत्रकार, पारुल मिश्रा, अवनीश मिश्रा,मुकेश भारती,घनश्याम गुप्ता,ओमप्रकाश सिंह रिछा, अरुण बाजपेयी हेतराम गुप्ता, सुरेश चन्द्र राजू सिंह, सभासद मंगल सिंह, चन्दंन गुप्ता, सभासद अनुज मिश्रा,राजेश त्रिवेदी,राजू गुप्ता सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## इनोवा कार और डीसी एम में हुई जोरदार टक्कर से चालक समेत छह नेपाली सवारी घायल



**द अचीवर टाइम्स रमेश चन्द्र**

**लखीमपुर खीरी।** गोला लखीमपुर मार्ग पर इनोवा कार और डीसीएम की टक्कर चालक समेत पांच नेपाली सवारी घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से सीएचसी फरधान भिजवाया। हालत नाजुक देख सभी घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया गया। गुरुवार की सुबह समय 7-30 बजे गोला से लखीमपुर जा रही इनोवा कार नंबर यूपी 53 सीजेड 3939 एवं लखीमपुर से गोला की तरफ जा रही डीसीएम ट्रक नंबर एचआर 69 सी 1329 का एक्सीडेंट ग्राम धौरहरा खुर्द के पास नेशनल हाईवे पर हो गया है। जिसमें इनोवा कार में सवार चालक सहित सभी 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको सीएचसी फरधान में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल ओयल रवाना किया गया है।

घायल व्यक्तियों के नाम पता 1-बिंजू सिस्टा पति मोहन निवासी नेपालगंज जिला बांके

2-पार्वती राज भंडारी पुत्री गैमा प्रसाद निवासी भरतपुर नेपाल। 3-रंजू सिस्टा पत्नी निरंजन राज भंडारी । 4-कमला रास भंडारी पत्नी कुलरास भंडारी। 5- कामिनी दास नेपालगंज। 6-प्रवीण तिवारी पुत्र शैलेंद्र तिवारी निवासी रुपैडिहा बहराइच। एसओ ब्रजेश कुमार मौर्य ने बताया इनोवा कार के चालक को नींद आने के कारण हादसा हो गया। सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल ओयल में भर्ती कराया गया है। सभी सवारी नेपाल की है। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## बाल बंदियों को रोस्टर के अनुसार गुणवत्ता परक नाश्ता व भोजन समय पर दें:-जिला जज

### बीमार कैदियों का नियमित परीक्षण कराने के साथ उचित दवायें उपलब्ध करायें:राजकुमार

- बंदियों को पढ़ाई के साथ कढ़ाई, सिलाई, मैकेनिकल प्रशिक्षण दिया जाये साथ ही बालीबाल, टेबिल टेनिस, शतरंज, बैट मिंटन आदि खेल कराये ताकि वह मानसिक एवं शारीरिक रूप से फीट रहें:-जिलाधिकारी।
- कैदियों को रोस्टर के अनुसार नाशता एवं भोजन आदि की व्यवस्था करायें: एमपी सिंह।



**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**

**हरदोई।** जिला जज राजकुमार सिंह ने आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह तथा पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी के साथ रद्देपुरवा स्थित राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह एवं जिला कारागार का सघन निरीक्षण किया।

राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह के निरीक्षण में मा0 जिला जज ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाल बंदियों के कमरों एवं रसोई में विशेष सफाई व्यवस्था रखे और बाल बंदियों को रोस्टर के अनुसार गुणवत्ता परक नाश्ता व भोजन समय पर दिया जायें तथा सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए बाल बंदियों के लिए मोटे रजाई एवं गद्दे की व्यवस्था कराये और कमरे में लगे पंखों की सफाई करायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाल बंदियों को पढ़ाई के साथ कढ़ाई, सिलाई, मैकेनिकल आदि का प्रशिक्षण दिया जाये और दिन में बालीबाल, टेबिल टेनिस, शतरंज, बैट मिंटन आदि खेल कराये ताकि वह मानसिक एवं शारीरिक रूप से फीट रहें।

इसके उपरान्त जिला कारागार के निरीक्षण में मा0 जिला जज, डीएम व एसपी ने सभी बैरकों में बंद कैदियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण में मा0 जिला जज ने बंदियों से कहा कि जिनके पास मुकदमें के लिए वकील नहीं है सरकार द्वारा उन्हें वकील की व्यवस्था कराई जायेगी। उन्होने जेल अधीक्षक से कहा कि बीमार कैदियों का नियमित परीक्षण कराने के साथ उचित दवायें उपलब्ध करायें और सर्दी को ध्यान में रखते हुए बंदियों के लिए उचित व्यवस्था करायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक से कहा कि कैदियों को नियमित रोस्टर के अनुसार नाश्ता एवं भोजन आदि की व्यवस्था करायें तथा बंदियों को उनकी रूचि के अनुसार कार्य करायें। महिला बैरक के निरीक्षण में मा0 जिला जज ने जेल अधीक्षक से कहा कि जिन महिलाओं के साथ बच्चे है उनके बच्चों को फल एवं दूध की व्यवस्था नियमित करायें। निरीक्षण के दौरान सचिव विधिक प्राधिकरण, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई गोवंश संरक्षण की समन्वित बैठक सम्पन्न

- गोवंश संरक्षण में लापरवाही करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जायेगी:डीएम
- कंट्रोल रुम नंबर सभी ग्राम पंचायत व नगर निकाय के सार्वजनिक स्थानों पर लिखवाया जाए: एम0पी0 सिंह



**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**

**हरदोई।** विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश के संरक्षण के संबंध में बैठक हुई। बैठक में किसान संगठनों के प्रतिनिधियों ने गोवंश की अधिक संख्या वाले क्षेत्रों के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी को कार्ययोजना बनाकर गोवंश संरक्षण का कार्य कराने के निर्देश दिए। लापरवाही करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही निर्धारित की जायेगी। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन गोशालाओं का निर्माण कार्य जल्द पूरा कर गोवंश को संरक्षित किया जाए। नई गोशालाओं के लिए भूमि चिन्हीकरण का कार्य किया जाए। निजी पशुओं को छोड़ने वाले लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायी जाए। लोगों को जागरूक किया जाए। ईयर टैगिंग का कार्य तेजी से कराया जाए। अधिक समस्या वाले क्षेत्र को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाए। नर गोवंश के लिए पृथक गोशालाओं का निर्माण कराया जाए। गोवंश संरक्षण, खाद व बीज की उपलब्धता तथा किसानों की बिजली की समस्या को लेकर प्रत्येक बुधवार को स्थानीय किसानों के साथ बैठक की जाए। सार्वजनिक अवकाश होने पर अगले कार्य दिवस पर बैठक की जाए। उन्होंने बताया कि निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए सूचना कंट्रोल रूम नम्बर 05852-796197, 232527 (लैंडलाइन), 8765957923 (मोबाइल) पर कॉल की जा सकती है। यह नंबर 24 घण्टे सक्रिय रहेंगे। कंट्रोल नम्बर पर प्राप्त सूचनाओं को गूगल शीट पर दर्ज किया जाए। प्राप्त सूचनाओं को संबंधित विकास खण्ड को भेजा जाए। पशु चिकित्सा अधिकारी 24 घंटे अपना मोबाइल ऑन रखेंगे। कंट्रोल रूम का नंबर प्रत्येक ग्राम पंचायत व नगर निकाय में सार्वजनिक स्थान पर लिखवाया जाए। उन्होंने कहा कि गोशालाओं का लम्बित भुगतान जल्द कराया जाए। देरी होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी, किसान प्रतिनिधि व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायत भोइला कला गौशाला में कर्मचारी व प्रधान कर रहे मनमानी



**द अचीवर टाइम्स प्रिंस पांडेय**

**सीतापुर।** अंतर्गत ब्लॉक बिसवां की ग्राम पंचायत भोईला कला में स्थित गौशाला में हो रहा गाय पर अत्याचार जिम्मेदार मोन जब वहां पर मीडिया कर्मी जब वहां पर पहुंचकर देखा कि ना तो जानवरों को सुखा चारा ओ भी बहुत दिनो से पड़ हुवा ही दिया जा रहा है जब वहां पर मौजूद एक आदमी से पूछा गया कि केयरटेकर उपस्थित नहीं है तो उन्होंने बताया की रोज का काम है केयरटेकर का वह रोज बंद करके अपना काम करने चले जाते हैं फिर मीडिया कर्मियों ने प्रधान से फोन पर बात की तो प्रधान जी ने बताया कि केयरटेकर हमारे वहीं पर रहते हैं और गौशाली की देखरेख करते हैं पर मौके पर ऐसा नहीं दिखा की केयरटेकर गौशाला की देखरेख कर रहे होपर जब मौके पर देखा गया तो वहां पर केयरटेकर उपस्थित नहीं मिले काफी देर इंतजार करने के बाद गांव वालों की मदद से जब केयरटेकर को बुलाया गया तो वह कहना था कि प्रधान जी पेमेंट नहीं देते तो कैसे कम करेंऔर गौशाला में ना तो जानवरों की संख्या पूरी है और ना ही साफ सफाई की कोई व्यवस्था है और ना तो केयरटेकर रूम अभी तक बना ही नहीं है।

## जुआ खेलते हुए दो अभियुक्त गिरफ्तार नगदी बरामद

**द अचीवर टाइम रमेश चंद्र**



**लखीमपुर खीरी।** थाना फूलबेहड़ पुलिस ने जुआ खेलते हुए 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। दोनो अभियुक्तों के पास से 5,640 रुपये हुए बरामद। पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध क्रिया-कलापों के विरुद्ध चलाया गया। अभियान के अंतर्गत दिनांक 13/14.11.2023 को थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा 02 नफर अभियुक्तों को हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 52 ताश के पत्ते व 5,640 रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार मु0अ0सं0 602/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण**

1.मदनलाल पुत्र साहबलाल गिरी निवासी ग्राम लौकिहा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी । 2.दीनदयाल उर्फ जण्डैल पुत्र मौजगीर गिरी निवासी ग्राम लौकिहा थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी ।

**बरामदगी का विवरण**

52 ताश के पत्ते व 5,640 रु0.

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

1.उ0नि0 मो0 अनीस, थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी ।

2.हे0का0 अनिरुद्ध यादव, थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी ।

3.का0 अंगद यादव, थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी ।

4.का0 सुनील कुमार, थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी ।

5.का0 अनुज कुमार, थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी ।

## ग्राम बीबीपुर चिरियारी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा चौपाल का हुआ आयोजन

**द अचीवर टाइम्स - महेन्द्र कुमार**




**हसनगंज (उन्नाव)।** विकासखण्ड हसनगंज की ग्राम पंचायत बीबीपुर प्राथमिक विद्यालय में प्रधान अध्यापक सिद्धनाथ मौर्य व प्रगति चंदेल के द्वारा विद्यालय परिसर में बच्चों के मनोबल को बढ़ाने के लिए उनके अंदर छुपी हुई कल को बाहर समाज में निकलने के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समस्त विद्यालय अध्यापकगणों ने शिक्षा चौपाल कार्यक्रम का किया आयोजन जिसमें बच्चों के अभिभावकों व अन्य ग्रामीणों को बुलाया बड़ी ही शानदार तरीके से बच्चों ने नाटक गीतों के माध्यम से शिक्षा पर अधिक विशेष ध्यान देने का संदेश दिया जिससे किसी भी बच्ची या बच्चे को शिक्षा से वंचित न रखा जाए आए हुए अतिथियों को प्रधान अध्यापक ने फूलों की माला पहनकर किया जोरदार स्वागत बताते चलें वहीं जूनियर शिक्षक अध्यक्ष हसनगंज भैयालाल रावत ने बच्चों के माता-पिता से बच्चों के प्रति थोड़ा और विशेष ध्यान देने की बात कही जिससे उनके अन्दर छुपी हुई कला बाहर आ सके और हमें हीरे की पहचान हो सके ग्रामीणों से की अपील कहा ÷शिक्षा व शेरनी का दूध है जो जितना पिएगा उतनी तेज दहाड़ेगा÷ मौके पर हसनगंज खण्डशिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार व सहायक खण्ड विकास अधिकारी हसनगंज उपेंद्रनाथ , क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य इंद्रमोहन सिंह , ग्राम प्रधान अनुपम सिंह , प्रधान अध्यापक सिद्धनाथ मौर्य व अध्यापकगण प्रगति चंदेल , प्रीति वर्मा , आदित्य सैनी , कमलेश कुमार , कैलाशपती वर्मा , ए. आर.पी संतोष कुमार विश्वकर्मा , महेंद्र पाल , शैलेंद्र सिंह , मुन्ना सिंह , महेंद्र कुमार , प्यारेलाल पवन कुमार , रवि गौतम , ब्रजेश सिंह, मंगल सिंह , महिलाओं नन्हे मुन्ने बच्चों समेत सैकड़ों ग्रामीण रहे उपस्थित।

## नेत्र में ज्योति हो तो जीवन में मुस्कान व उजियारा: पूनम परिहार

### चुन्नी लाल मेडिकल ट्रस्ट व संदेश संस्था द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजित

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**धौलाना।** नॉर्दर्न ऐरोमेटिक्स लिमिटेड के सहयोग से चुन्नी लाल मेडिकल ट्रस्ट व संदेश संस्था द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन संस्था के प्रांगण में किया गया।जिसमें 200 मरीज़ों ने अपने आँखों की जाँच कराई।शिविर के बारे में जानकारी देते हुए संस्था की सचिव पूनम परिहार ने बताया कि एक उम्र के बाद व्यक्ति की शारारिक क्षमता कमजोर होने लगती है साथ ही उसकी दृष्टि भी खत्म होने लगती है जिससे उसका जीवन अंधकारमय हो जाता है। आमजन की इसी समस्या को देखते हुए इस प्रकार के शिविर का आयोजन किया जाता है। व्यक्ति के नेत्रों में ज्योति देकर उसके चेहरे पर मुस्कान व जीवन मे उजियारा देकर जो खुशी का अनुभव होता है वह किसी अन्य कार्यो में नही मिलता। संस्था द्वारा प्रत्येक माह की 14 तारीख को इस शिविर का आयोजन किया जाता हैं।इस शिविर में मोतियाबिंद की जाँच कर उसका ऑपरेशन के हेतु लायंस आई हॉस्पिटल गाजियाबाद में कराया जाता हैं। तथा सभी को दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाती है।इस बार कुल 109 मरीज़ो का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया है जिनका ऑपरेशन किया जाएगा।संस्था के परियोजना समन्वयक स्वास्थ्य सुमित राणा ने बताया शिविर में ऑपरेशन के लिए चयनित मरीज़ों की बीपी व शुगर की जाँच की जाती है।इस शिविर में शिवाया, परतापुर, नंगला, चौना, तातारपुर, धौलाना, सलारपुर, ऊंचा अमीपुर व खिचरा के मरीजों ने लाभ उठाया। इस शिविर में सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना, परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज, शिवराज रावत, रेखा, मिशिका, अनुराग, सुशीला, चवल सिंह व तरुण शर्मा आदि का सहयोग रहा।

## पास्को एक्ट के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**द अचीवर टाइम्स रमेश चंद्र**

**लखीमपुर खीरी।** थाना पढुआ पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार। पास्को एक्ट के रामप्रताप पुत्र रामविलास नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोप। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिफ्तारी हेतु चलाया। अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 14.12.2023 को थाना पढुआ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त रामप्रताप पुत्र रामविलास निवासी ग्राम बोझिया थाना पढुआ जनपद खीरी को तेलियार चौराहे से गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार वांछित अभियुक्त का विवरण1. रामप्रताप पुत्र रामविलास निवासी ग्राम बोझिया थाना पढुआ जनपद खीरी

# अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अयोध्या में आयोजित किया गया कार्यक्रम

**संवाददाता**



**अयोध्या।** अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रामघाट अयोध्या स्थित श्री राम जानकी मंदिर माइवाड़ा में ट्रस्ट के संरक्षक अनूप कुमार तोलानी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती कंचन तोलानी की मैरिज एनिवर्सरी के शुभ अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित करके को कंबल वितरण भोज करवा के मनाया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि दिल्ली से आई समाजसेविका श्रीमती बालवीर मान ने कंबल वितरण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में शामिल होकर जीवन धन्यवाद हो गया तथा ट्रस्ट द्वारा जो कार्य किया जा रहा है असली में यही समाज सेवा है । ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने कहा कि आज माइवाड़ा में भारी संख्या में कमल वितरण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है जो कार्यक्रम प्रतिदिन ठंडा के मौसम तक चलता रहेगा । ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने श्री राम जानकी मंदिर माई वाड़ा में बैठने के लिए 10 कुर्सी देने की घोषणा किया है । कार्यक्रम संयोजक भारती सिंह ने कहा कि आज हमें ऐसे ही लोगों की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ है जिन्हें हम सब की आवश्यकता है । ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य भज्जा ने कहा कि जरूरतमंद तक पहुंच कर उसकी समस्या को दूर करना ही मुख्य उद्देश्य है । कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ट्रस्ट के संरक्षक प्रीतम सिंह विनोद कुमार शर्मा उपाध्यक्ष भारती सिंह एडवोकेट कविंद्र साहनी उपाध्यक्ष सचिन सरीन महामंत्री प्रतीक वैश्य श्रीमती पूनम शर्मा श्रीमती कंचन राठौर श्रीमती आरती शुक्ला श्रीमती मीना अवस्थी रंगमंच के कलाकार पीके गौर आकांक्षा सिंह रमेश चंद्र शास्त्री श्रीमती रश्मि चौरसिया विजय कुमार शुक्ला श्रीमती निर्मला सिंह संजय यादव मुख्य रूप से शामिल थे । इस अवसर पर आए हुए लोगों का आभार श्री राम जानकी मंदिर माई बाड़ा की महंत कृष्णदासी ने किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट की उपाध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक भारती सिंह एडवोकेट व संचालन ट्रस्ट के महामंत्री प्रतीक वैश्य भज्जा ने किया ।

## अयोध्या के अधिवक्ताओ और वादकारियों को मिलेगी निजात

**संवाददाता**

**अयोध्या।** फैज़ाबाद कचहरी के मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम से मिलेगी निजात, अधिवक्ताओं व वादकारियों के लिए कचहरी के पीछे बनकर तैयार हुई मल्टीलेवल पार्किंग । बताया जाता है कि लगभग 96त्न काम पूरा हो गया । राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत 37 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जा रही है मल्टीलेवल पार्किंग । पार्किंग में 282 चार पहिया व।309 दो पहिया वाहन खड़े करने की व्यवस्था है । जल्द ही इसका उद्घाटन होगा । 2007 में कचहरी में हुए बम ब्लास्ट के बाद कचहरी परिसर में दो पहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग पर लगा था प्रतिबंध जिसके कारण कचहरी के बाहर मुख्य मार्ग पर वाहन खड़ा करते हैं वकील और वादकारी।

# स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत रैली निकाल,लोगो की किया जागरूक



**संवाददाता**

**गोरखपुर।** खजनी तहसील के नगर पंचायत उनवल में स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश कुमार दुबे और अधिशासी अधिकारी संजय कुमार सरोज के उपस्थिति में बैठक कर रैली निकाली गई,जिसमे लोगों को डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए जागरूक किया गया। और अपील की गई कि कूड़ा निस्तारण और स्वच्छता अभियान में सहयोग करें,नगर पंचायत उनवल क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए जन जागरूकता लाया जाय। बैठक के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष महेश कुमार दुबे ने कहा स्वच्छता जन जागृत दिवस दिनांक 7 दिसंबर से लेकर 13 दिसंबर तक स्वच्छता अभियान रैली निकाल कर स्वच्छता अभियान का संदेश दिया गया और डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए सभी को जागरूक किया गया,कस्बा वासियों से अपील करते हुए कहा कि यह नगर हम सब का है। इसकी सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। यह किसी एक व्यक्ति का काम नहीं है सभी को सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि गंदगी से हम लोगों को ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा जीवन में स्वच्छता बहुत जरूरी है स्वच्छता के बिना जीवन अधूरा है हम सबका कर्तव्य बनता है कि अपने घर के आस पास तथा गांव में स्वच्छता बनाए रखें हर व्यक्ति को घर के आस पास साफ सफाई करना चाहिए एवं कूड़े को कूड़ेदान में ही डालना चाहिए। रैली में प्रमुख रूप से अधिशासी अधिकारी संजय कुमार सरोज, लिपिक बृजमोहन पासवान, उपेन्द्र सिह,सौरभ भास्कर, दिनेश सहानी, सहित सभी वार्ड के चौदह सभासद मौजूद रहे ।

# एक नज़र

## अयोध्या कमिश्नर गौरव दयाल ने किया स्थलों का निरीक्षण

**संवाददाता**



**अयोध्या।** अयोध्या के मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट के समीप अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा अयोध्या एयरोसिटी विकसित करने के उद्देश्य से सुल्तानपुर अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग व अयोध्या रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित अयोध्या एयरोसिटी लगभग 150 एकड़ भूमि में विकसित किये जाने की योजना है, जिसमें होटल काम्पलेक्स, वेडिंग सिटी व आयुर्वेद सिटी का भी प्राविधान किया जायेगा। इस अवसर पर अयोध्या विकास प्राधिकरण के ओ0एस0डी0 महेन्द्र प्रसाद सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित रहे।

## प्रदेश के लोकनिर्माण कैबिनेट मंत्री और राज्यमंत्री ने लिया अयोध्या का जायजा

**संवाददाता**

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद एवं राज्य मंत्री लोक निर्माण कुंवर ब्रिजेश सिंह, प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान तथा विभाग के मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता, अधिशाषी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता आदि अभियन्ताओं तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस बैठक कक्ष में विभागीय कार्यो की समीक्षा किया । इस बैठक में विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता, बीकापुर डा0 अमित सिंह चौहान सहित अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया । इस अवसर पर मंत्री द्वारा अयोध्या शहर एवं आसपास तथा राम जन्मभूमि के आसपास बन रहे कार्यो की पुल आदि की गहन समीक्षा की गयी। मंत्री द्वय ने बताया कि जन्मभूमि पथ, भक्ति पथ, राम पथ आदि के अलावा जो भी पुल एवं सड़के बनायी जा रही हो वह मानक के अनुसार बनायी जाय और उस पर लाइट एवं फसाड आदि की भी व्यवस्था समय से हो सम्बंधित कार्यो को गुणवत्ता के साथ 25 दिसम्बर 2023 तक पूरा करने के निर्देश भी दिये गये।

## अयोध्या विकास प्राधिकरण ने जारी किया बैच

**संवाददाता**




**अयोध्या।** अयोध्या विकास प्राधिकरण ने जारी किया बैच । बैच पर लिखा है हमारी अयोध्या । सबसे पहले कमिश्नर गौरव दयाल व विकास प्राधिकरण के वीसी विशाल सिंह को लगाया गया बैच । विकास प्राधिकरण के सभी आधिकारिक कर्मचारी लगाएंगे हमारी अयोध्या का बैच।

## अयोध्या में 42 वा रामायण मेला 14 से शुरू

**संवाददाता**




**अयोध्या।** अयोध्या में 42 वां रामायण मेला 14 दिसम्बर से शुरू होगा । बताया जाता है कि यह मेला कल से शुरू होगा और 19 दिसंबर तक आयोजित होगा । यह रामायण मेला 6 दिवसीय होगा । बताया जाता है कि इसका आयोजन राम कथा पार्क में होगा जिसमे अलग-अलग दिन होंगे कार्यक्रम । अनूप जलोटा व मालिनी अवस्थी भी देंगी प्रस्तुति । 14 दिसंबर को रामलीला पखवाज वादन अवधी लोक गायन व होगा भजन गायन, कल 14 दिसंबर को अनूप जलोटा देंगे अपनी प्रस्तुति, 17 दिसंबर को राम विवाह पर आधारित अवधी लोक गायन रघुवीर की प्रस्तुति देंगी मालिनी अवस्थी, कलाकारों में हरे रामदास, राजीव रंजन पांडे, रीना टंडन, करण अर्जुन झा, कुसुम वर्मा, प्रणव सिंह, विनोद कुमार झा, मानसी सिंह, डॉक्टर श्रेया, अग्निहोत्री बंधु, विनोद कुमार झा, अशोक पांडे, जय श्री आचार्य, अजय पांडे, शीतला प्रसाद वर्मा, वंदना मिश्रा, सुरेश शुक्ला, अजय पांडे,रश्मि उपाध्याय, राकेश श्रीवास्तव, कल्पना एस बर्मन व दिवाकर द्विवेदी देंगे प्रस्तुति।

## अयोध्या में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों पर हुई कार्यवाही

**अयोध्या।** जिला महिला अस्पताल में सीएमएस ने एक महिला डॉक्टर व 13 स्टाफ नर्स कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की है । इस अवसर पर दिसंबर माह का वेतन रोका गया । बताया जाता है कि निरीक्षण के दौरान पाई गई थी लापरवाही । बताया जाता है कि डॉक्टर सविता बांदिल नहीं मिली निर्धारित ड्रेस कोड में, अनीता स्टाफ नर्स, सरिता हेल्प डेस्क एंबुलेंस सेवाएं, पंकज सिक्योरिटी गार्ड, किरण पांडे कुक, सावित्री स्टाफ नर्स, पैथोलॉजी में अरुण ऑपरेटर, राजेंद्र मनमोहन निषाद सिक्योरिटी गार्ड,महेश स्वीपर,नमिता पाठक व सरिता तिवारी का दिसंबर माह का वेतन रोका गया, ये सभी कर्मचारी नहीं मिले ड्रेस कोड में, सुमित अरोड़ा आउटसोर्सिंग, शुभ जायसवाल आउटसोर्सिंग ड्यूटी से पाए गए अनुपस्थित, इनका भी दिसंबर माह का वेतन रोका गया।

# अयोध्या में सरयू नदी में अब चलेगी बोट मेट्रो



**संवाददाता**

**अयोध्या।** सरयू नदी में चलेगी बोट मेट्रो । अयोध्या से गुप्तार घाट तक का करायेगी सफर । बताया जाता है कि प्राण प्रतिष्ठा पर प्रधानमंत्री करेंगे इसका शुभारंभ । प्रदेश की पहली वाटर मेट्रो सेवा शुरू होगी अयोध्या में । कोलकाता से पटना होते हुए अयोध्या पहुंची वाटर मेट्रो । अयोध्या में किया जाएगा निर्माण, 16 दिन में 17 नाविक अयोध्या लेकर पहुंचे हैं वाटर मेट्रो । बताया जाता है कि अयोध्या में वाटर मेट्रो का किया जाएगा निर्माण । यह वाटर मेट्रो सरयू के नया घाट से गुप्तार घाट और गुप्तार घाट से नया घाट चलेगी । अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी वाटर मेट्रो,जेटी के साथ दो वाटर मेट्रो पहुंची अयोध्या ,वाटर मेट्रो और घाट के बीच में जेटी करेगी बांध का काम । अयोध्या में हुई कैबिनेट बैठक में जल मार्ग प्राधिकरण के गठन का प्रस्ताव किया गया था पास । बताया जाता है कि 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाटर मेट्रो पर सवार होकर रामनगरी के घाटों का अवलोकन करेंगे । 22 जनवरी को अयोध्या को वाटर मेट्रो के रूप में मिलेगी बड़ी सौगात।

# कमिश्नर गौरव दयाल को नगर आयुक्त विशाल सिंह ने हमारी अयोध्या का बैच लगा कर किया शुभारंभ

**संवाददाता**



**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा बनाये गये 'हमारी अयोध्या' का बैच अयोध्या विकास प्राधिकरण से जारी किया गया है। इस अवसर पर नगर आयुक्त/उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण श्री विशाल सिंह ने मण्डलायुक्त को हमारी अयोध्या का बैच लगाया। इस बैच को जारी करने के उद्देश्य को बताते हुये मण्डलायुक्त ने कहा कि आज हमारी अयोध्या का बैच प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया है इसके पीछे यह उद्देश्य है कि जितने भी अयोध्या के हमारे नागरिक है वह सभी इसको पहने तथा इसके माध्यम से अपनत्व की भावना से प्रेरित होकर जो भी काम अयोध्या में हो रहे है उसको बेहतर ढंग से बनाये रखने तथा साफ सफाई का ध्यान रखने आदि भावनाओं सहित नागरिक समझ को बढ़ाने के लिए और आधुनिक अयोध्या जो विकसित हो रही है उसकी जागरूकता के दृष्टिगत इस बैच को लांच किया गया है। हम सभी नागरिकों को प्रोत्साहित करेंगे कि सभी इस बैच को पहने और अपनी अयोध्या को अपनाये तथा इसे अपना स्वयं का शहर माने। इस अवसर पर अयोध्या विकास प्राधिकरण में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को बैच लगाया गया।

# थाना सदर बाजार पुलिस को मिली बड़ी सफलता बन्द घरो से चोरी करने वाले दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**



**शाहजहांपुर ।** अशोक मीणा पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार सुधीर जयसवाल अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्वेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशन मे मुकदमा उपरोक्त की घटनाओ को देखते हुये जनपद मे सर्तक दृष्टि रखने तथा मुकदमा उपरोक्त का सफल अनावरण करते हुये अभियुक्त गण को गिरफ्तार करने हेतु टीम गठित करते हुये थाना सदर बाजार पुलिस को टास्क दिया गया । थाना सदर बाजार पुलिस को बडी सफलता प्राप्त हुई। थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा पीडब्लूडी गेस्ट हाउस के पास से मुखबिर की सूचना पर समय 13¬30 बजे अभियुक्त गण 1. शीबू खान पुत्र मो0 रजी 2. मो0 शादन उर्फ छमिया पुत्र मो0 जाहिद नि0गण मो0 बिजलीपुरा थाना कोतवाली शाहजहांपुर को गिरफ्तार कर मुकदमा उपरोक्त मे चोरी गया सामान 02 जोडी पायल, 5 सफेद धातु के सिक्के, एक अदद म्यूजिक सिस्टम, एक स्ध्स्ध, 500 रूपये बरामद किये गये तथा अभियुक्तगणो के पास से एक अदद तमंचा 12 बोर मय एक अदद जिन्दा कार0 व एक अदद चाकू भी बरामद किया गया जिसके सम्बन्ध मे अभियुक्तगणो के विरूद्ध थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

बरामदगी का विवरण

1- 02 जोडी पायल सफेद धातु, 5 सिक्के सफेद धातु, 500 रू0 नगद, एक स्ध्स्ध, म्यूजिक सिस्टम

2- एक अदद तमंचा 12 बोर मय एक अदद जिन्दा कारतूस

3- एक अदद चाकू नाजायज

1- उ0नि0 देशराज सिह चौकी प्रभारी बहादुरगंज थाना सदर बाजार शाहजहापुर

2- का0 1006 संजीव कुमार थाना सदर बाजार शाहजहापुर

3- का0 1977 विन्देश यादव थाना सदर बाजार शाहजहापुर

4- का0 2271 रोहित कुमार थाना सदर बाजार शाहजहापुर

# किसान मंच की बैठक का हुआ आयोजन



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के 169 विधानसभा क्षेत्र बक्शी का तालाब के ग्राम पंचायत पहाड़पुर चौराहे पर दुर्गा परिसर में किसान मंच की बैठक का हुआ आयोजन जिसमें किसान मंच के प्रदेश प्रवक्ता राहुल पांडे व सनफोर्ड हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर रिजवान खान , मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर हिमांशु तिवारी व एच ओ डी डॉक्टर मोइन खान के साथ पहुंचकर कई लोगों को किसान मंच के सदस्यता दिलाई व किसानों के ऊपर हो रहे अत्याचार को लेकर आवाज उठाने की बात कही है किसान मंच के प्रदेश प्रवक्ता राहुल पांडे ने कहा हम किसानों की मदद करते हैं जिन किसानों की बात शासन और प्रशासन के अधिकारी नहीं सुनते हैं हम लोग उन पर भी सवाल उठाकर अधिकारियों को जवाब मागते हैं वही पर सनफोर्ड हॉस्पिटल के डायरेक्टर रिजवान खान व डॉक्टर हिमांशु तिवारी ने कहा कि हम लोग गरीब असहाय की मदद करते हैं और उनका निशुल्क इलाज भी करते हैं साथ ही साथ किसान मंच के प्रदेश प्रवक्ता राहुल पांडे ने कहा गरीब असहाय बेटियों की शादी भी हम लोग करवाते हैं साथ ही साथ इस मौके परउपस्थित ब्लॉक सचिव बीकेटी कुशाग्र पाठक, कृष्ण कुमार पांडे, अनिल कुमार यादव, ऋषभ यादव ,अंकित यादव एवं सम्मानित कई वरिष्ठ किसान साथी उपस्थित रहे

# व्यवसाय प्रबंधन और उधमिता में विकसित भारत अभियान के तहत दी गई जानकारी

**संवाददाता**




**अयोध्या।** अयोध्या के व्यवसाय प्रबंध एवं उधमिता में विकसित भारत अभियान 2047 के बारे में एमबीए विभाग के छात्र/छात्राओं को विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो हिमांशु शेखर सिंह द्वारा विस्तार से बताया गया। उन्होंने छात्रों को बताया कि इस वेबसाइट पर आपको कैसे रेजिस्ट्रेशन करना है और आगे की प्रक्रिया को कैसे पूरा करना है। उन्होंने छात्रों को बताया कि रेजिस्ट्रेशन के बाद आपको किन तीन प्रश्नों का जवाब देना है। प्रो हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि आपको वर्ष 2047 में आप भारत को किस स्तर पर देखना चाहते हैं उस पर अपने विचार देने हैं। उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष 2047 में विकसित देश बनाने में आप क्या क्या योगदान देना चाहते हैं। विकसित भारत का निर्माण आज के युवा के हाथ मे है यही विकसित भारत का सपना साकार करेंगे।उन्होंने यह भी कहा कि हमारा लक्ष्य है कि 25 दिसंबर 2023 तक विभाग के सभी छात्रों के द्वारा विकसित भारत का आईडिया ऑनलाइन शेयर कर दिया जाए। विकसित भारत 2047 योजना में छात्रों को अपने आईडिया भरने में डॉ आशीष पटेल और डॉ महेंद्र पाल सिंह का विशेष सहयोग रहा । इस कार्यक्रम में विभाग के आनेको छात्र छात्रायें उपस्थित रहे।

## माडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर जेपी पब्लिक स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय ऊर्जा सरक्षण दिवस





**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**

**शाहजहांपुर ।** जेपी पब्लिक स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस ¬ आज शाहजहांपुर की मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर स्थित जेपी पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया ,जिसमें स्कूल की प्रधानाचार्य हिना खान ने सभी बच्चों को शपथ दिलाई कि हम सभी को ऊर्जा का संरक्षण करना है ,और व्यर्थ में ऊर्जा को नष्ट नहीं होने देना है । किस-किस तरह से ऊर्जा का संरक्षण किया जा सकता है इन सभी विषयों पर पूरी जानकारी सभी बच्चों को दी गई द्य और किन-किन कारणों से ऊर्जा व्यर्थ में नष्ट हो रही है यह भी सभी को बताया गया । सभी बच्चों ने शपथ ली कि हम सभी ऊर्जा का पूरी तरीके से संरक्षण करेंगे ,और व्यर्थ में ऊर्जा को नष्ट नहीं होने देंगे द्य कार्यक्रम के इस मौके पर प्रधानाचार्य हिना खान सहित स्कूल की अध्यापिका श्रेया त्रिवेदी, लक्ष्मी गुप्ता ,संध्या पांडे ,मंजू ,देवीना गुप्ता ,प्रभा ,अंजली यादव ,मंतशा ,रुबीना आदि उपस्थित रही ।

## एक साल तक विधायक करता रहा दरिंदगी, नौ साल बाद दोषी करार; पढ़ें- क्या है पूरा मामला?

**सोनभद्र।** म्योरपुर थाने में दर्ज मुकदमे के मुताबिक, रामदुलार ने नाबालिग को धमकाया और एक वर्ष तक दुष्कर्म करता रहा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना करने के बाद चार्जशीट अदालत में दाखिल की गई। 8 दिसंबर 2023 को दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं ने बहस कर अपना पक्ष रखा था। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दुद्धी से भाजपा विधायक रामदुलार गोंड को मंगलवार को दोषी करार दिया गया। साथ ही न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। 15 दिसंबर को भाजपा विधायक को सजा सुनाई जाएगी। अगर दो वर्ष से ज्यादा की सजा मिली तो रामदुलार गोंड को विधानसभा की सदस्यता जाएगी। नाबालिग से चार नवंबर 2014 में दुष्कर्म हुआ था। नौ वर्षों से मामले की सुनवाई अदालत में चल रही थी।

## भारत के लिए करो या मरो का मुकाबला, हो सकता है प्लेइंग 11 में बदलाव

# हारे तो द. अफ्रीका से आठ साल बाद गंवाएंगे सीरीज




**जोहानिसबर्ग (द. अफ्रीका)।** गकेबरहा के सेंट जॉर्जेस पार्क स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी20 में भारतीय गेंदबाजों का दयनीय प्रदर्शन रहा। अर्शदीप सिंह और मुकेश कुमार उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। दोनों ने 15.50 और 11.33 रन प्रति ओवर की इकोनॉमी से रन दिए। भारतीय टीम का दक्षिण अफ्रीका पर टी20 में पिछले पांच वर्षों से चला आ रहा वर्चस्व खतरे में है। दूसरा टी20 हारने के बाद 0-1 से पिछड़ी भारतीय टीम के सामने गुरुवार को तीसरा और अंतिम मैच जीतना जरूरी है। इस मैच को जीतने पर भारत 1-1 से सीरीज बराबर करने में कामयाब हो जाएगा। अगर उसके हिस्से में हार आई तो टी20 में आठ साल बाद उसे दक्षिण अफ्रीका के हाथों हार मिलेगी। दक्षिण अफ्रीका अंतिम बार 2015-16 में भारत में हुई टी20 सीरीज 2-0 से जीता था। भारत अब तक द. अफ्रीका में एक भी तीन मैचों की टी20 सीरीज नहीं हारा है।

**गेंदबाजों ने प्रदर्शन से किया निराश**

गकेबरहा के सेंट जॉर्जेस पार्क स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी20 में भारतीय गेंदबाजों का दयनीय प्रदर्शन रहा। अर्शदीप सिंह और मुकेश कुमार उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। दोनों ने 15.50 और 11.33 रन प्रति ओवर की इकोनॉमी से रन दिए। पिता के अस्वस्थ होने के चलते नहीं खेल रहे दीपक चाहर की कमी खली। अर्शदीप ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी-20 में शानदार अंतिम ओवर फेंका था, लेकिन उनमें निरंतरता की कमी रही है। एक साल चार महीने बाद अंतरराष्ट्रीय टी20 खेल रहे रवींद्र जडेजा भी दूसरे टी20 में उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। उन्हें भी अंतिम मैच में अच्छी फॉर्म हासिल करनी होगी। मुकेश को अपनी गति और बढ़ाने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने चार विकेट जरूर लिए, लेकिन 9.12 रन प्रति ओवर भी दिए।

**ओपनिंग जोड़ी को देनी होगी अच्छी शुरुआत**

ओपनर यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल दूसरे मैच में पिच के उछाल से तारतम्य नहीं बिठा पाए। दोनों बल्लेबाज बिना खाता खोले आउट हुए। भारत को अगर सीरीज बराबर करनी है तो ओपनिंग जोड़ी का चलना जरूरी है। ऋतुराज गायकवाड़ बीमार हैं। अगर वह ठीक होते हैं तो उन्हें ओपनिंग में मौका दिया जा सकता है। इसके अलावा जितेश की जगह बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन खेल सकते हैं। वहीं, तिलक की जगह श्रेयस अय्यर और कुलदीप की जगह रवि बिश्नोई को मौका दिया जा सकता है। अच्छी बात यह है कि भारत का क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में इस मैदान पर प्रदर्शन अच्छा रहा है। भारत ने इस मैदान पर चार टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उसे तीन में जीत मिली है और एक में हार का सामना करना पड़ा है। दोनों ही टीमों के पास इसके बाद विश्व कप की तैयारियों के लिए सिर्फ चार टी20 शेष हैं।

**रिंकू के छक्के से टूटा मीडिया बॉक्स का शीशा**

दूसरे टी20 में सकारात्मक पक्ष रिंकू सिंह और कप्तान सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी रही। दोनों बल्लेबाजों ने 68 और 56 रन की पारियां खेलीं। रिंकू सिंह का यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहला अर्धशतक रहा। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से टी-20 विश्व कप के लिए फिनिशर के तौर पर मजबूती से दावा ठोक दिया है। रिंकू ने तो दूसर मैच में इतना बड़ा छक्का लगाया कि उसने मीडिया बॉक्स के शीशे को भी तोड़ दिया।

**कोएट्जी, जेंसेन नहीं खेलेंगे**

भारत जब तीसरे मैच में खेलने उतरेगा तो उसे दक्षिण अफ्रीका थोड़ा मनोवैज्ञानिक लाभ भी मिलेगा। दक्षिण अफ्रीका के तीन मुख्य तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी, मार्को यानसेन और लुंगी एनगिडी (चोटिल) इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। कोएट्जी और यानसेन टेस्ट मैच की तैयारियों के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलने जा रहे हैं। द. अफ्रीका के लिए कप्तान ऐडिन मार्करम ने शानदार आलराउंड प्रदर्शन किया। रीजा हेंड्रिक्स और मैथ्यु ब्रीट्जके ने भारतीय तेज गेंदबाजों को पटरी से उतार दिया।

**दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11**

**भारत:** यशस्वी जयसवाल, ऋतुराज गायकवाड़/शुभमन गिल, तिलक वर्मा/श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रिंकू सिंह, जितेश शर्मा/ईशान किशन (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव/रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार।

**दक्षिण अफ्रीका:** रीजा हेंड्रिक्स, मैथ्यू ब्रीट्जके, एडेन मार्कम (कप्तान), हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, डोनोवन फरेरा, एंडिले फेहलुकवायो, लिजाड विलियम्स, ओटनील बार्टमैन/नंद्रे बर्गर, तबरेज शम्सी।

## नोजोमी ओकुहारा ने भारत में अपने खराब अनुभव की दास्तां सुनाई, बताया कैब ड्राइवर ने कैसे लगाया चूना

**नई दिल्ली।** ओकुहारा के भारतीय दोस्तों बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और पीवी सिंधू ने स्थानीय सदस्यों से बात करके उनके लिए होटल की व्यवस्था की। प्रणय ने अभ्यास के लिए पहुंचने के लिए उन्हें कार उपलब्ध कराई। बैडमिंटन में पूर्व विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता नोजोमी ओकुहारा ने हाल ही में भारत यात्रा का अपना खराब अनुभव साझा किया जहां दिल्ली के एक कैब ड्राइवर ने उन्हें चूना लगाया और ओडिशा के कटक में होटल में उन्हें कमरे के लिए चार घंटे तक इंतजार करना पड़ा। 28 वर्ष की ओकुहारा ने सोशल मीडिया पर लिखा कि दिल्ली हवाई हड्डे पर एक कैब ड्राइवर ने उन्हें परेशान किया और चूना लगाया। ओडिशा ओपन के लिए सोमवार को कटक पहुंचने पर उन्हें आधिकारिक परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई थी। होटल में जाने के लिए उन्हें चार घंटे इंतजार करना पड़ा और अभ्यास सत्र के लिए सुबह आठ बजे भी उन्हें बस या कार नहीं मिली थी। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के महासचिव संजय मिश्रा ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जापान की खिलाड़ी ने लॉजिस्टिक का ब्यौरा (स्थानीय यात्रा और होटल) देने वाला कोई ईमेल नहीं भेजा वरना ऐसी नौबत नहीं आती।ओकुहारा ने लखनऊ में सैयद मोदी सुपर 300 टूर्नामेंट जीता था। वह रविवार की रात हांगकांग के रास्ते दिल्ली आई। इसके बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर एक अजनबी ने उनका सामान एक ट्रॉली पर रख दिया। फिर एक निजी टैक्सी ड्राइवर ने पास ही के होटल तक पहुंचाने के लिए उबर की तुलना में उनसे दस गुना अधिक पैसा लिया। ओकुहारा के भारतीय दोस्तों बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और पीवी सिंधू ने स्थानीय सदस्यों से बात करके उनके लिए होटल की व्यवस्था की। प्रणय ने अभ्यास के लिए पहुंचने के लिए उन्हें कार उपलब्ध कराई।

# रोहित-कोहली को टी20 विश्व कप में देखना चाहते हैं हरभजन





**नई दिल्ली ।** कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि कोहली-रोहित को टी20 विश्व कप टीम में जगह दी जानी चाहिए। वहीं, कुछ युवाओं के साथ टूर्नामेंट में उतारने की वकालत कर रहे हैं। इसी बीच भारत के पूर्व स्पिनर और दो विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्य हरभजन सिंह ने इस मामले पर अपनी राय रखी है। भारतीय टीम वनडे विश्व कप की फाइनल में हार के बाद टी20 विश्व कप की तैयारियों में लग गई है। इस टूर्नामेंट सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली खेलेंगे या नहीं, इस बात को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि दोनों खिलाड़ियों को टीम में जगह दी जानी चाहिए। वहीं, कुछ युवाओं के साथ टूर्नामेंट में उतरने की वकालत कर रहे हैं। इसी बीच भारत के पूर्व स्पिनर और दो विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्य हरभजन सिंह ने इस मामले पर अपनी राय रखी है। 2007 टी20 विश्व कप और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्य हरभजन ने कहा कि रोहित और कोहली को अगले साल टी20 विश्व कप में खेलना चाहिए। हरभजन ने कहा, %%मुझे लगता है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों को विश्व कप में होना चाहिए। एक अच्छा संयोजन तभी संभव होगा जब आपके पास अच्छे वरिष्ठ खिलाड़ी भी हों। विराट और रोहित में बहुत दम है। मुझे लगता है कि उन्हें खेलना चाहिए।%%

**टीम चयन पर आईपीएल का कितना असर?**

टी20 विश्व कप के लिए टीम चयन में आईपीएल के असर पर हरभजन ने कहा, ÷आईपीएल तो अब चयन पर असर डालता भी है। यहां तक कि टेस्ट टीम के चयन पर भी उसका प्रभाव देखने को मिल जाता है। विश्व कप टीम में ज्यादा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। जो खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका में खेल रहे हैं वही टी20 विश्व कप में खेलेंगे। ज्यादा से ज्यादा एक या दो बदलाव हो सकते हैं।

**युवा टीम को समय देना चाहिए- भज्जी**

हरभजन ने दक्षिण अफ्रीका में दूसरे टी20 मैच भारतीय टीम की हार पर कहा, ÷यह एक युवा टीम है, मुझे लगता है कि हमें उन्हें कुछ समय देना चाहिए। हम बहुत जल्दी परिणाम चाहते हैं। हम यह सोचते हैं कि हमारी टीम तभी अच्छी है जब वे परिणाम देंगे। ऐसा नहीं है। मुझे लगता है कि अगर हम उन्हें समय देंगे, तो समय के साथ वे स्पष्ट रूप से सीखेंगे। हमें खुद को थोड़ा बदलना होगा। परिणाम आने में समय लगेगा। यह टीम प्रक्रिया में है। भज्जी ने आगे कहा, इस सीरीज में क्या नतीजा आता है उससे कुछ ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला। पूरा ध्यान विश्व कप के लिए टीम पर होना चाहिए। कई खिलाड़ियों को भारत के लिए खेलने का मौका मिल रहा है। वह इस सीरीज में अपनी प्रतिभा को दिखा भी रहे हैं। देखते हैं कि टीम कैसी बनेगी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में बारिश आ गई थी। इस कारण स्पिनरों को मदद नहीं मिली थी। भारत की टीम कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा हैं। दक्षिण अफ्रीका में वैसे भी स्पिन काफी कम मिलती है। ऐसे में गेंद को धीरे करने की आवश्यकता है।

**टेस्ट सीरीज को लेकर हरभजन की राय**

हरभजन से जब टेस्ट मैचों की सीरीज के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, %%मुझे नहीं लगता है कि दो स्पिन गेंदबाजों की जगह बनेगी। कुलदीप या जडेजा में से कोई एक खेलेगा। जडेजा को जगह देनी चाहिए।

**हरभजन ने पैरा एथलीटों की तारीफ की**

खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023 को लेकर पूर्व स्पिनर ने कहा, %%खेलो इंडिया में भाग लेने वाले और शामिल होने वाले सभी पैरा-एथलीटों को बधाई। यह एक ऐसा मंच है जहां एथलीटों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। पैरा एथलीटों ने हाल ही में 100 से अधिक पदक जीते हैं। यह एक बड़ी बात है और मुझे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में पदक तालिका में वृद्धि होगी।

# जैन क्यों नहीं खाते लहसुन व प्याज?



**नई दिल्ली।** जैसा अन्न वैसा मन अर्थात् जैसा भोजन हम खाते हैं वैसा ही प्रभाव हमारे तन मन पर पड़ता है और इसी के साथ हमारी प्रवृति भी वैसी ही होनी शुरू हो जाती है। इसलिए जैनिज़्म में माना जाता है कि भोजन वही करना चाहिए जो सात्त्विक हो। सात्विक भोजन में दूध, घी, चावल, आटा, मूंग, लौकी, परवल, करेला आदि आते हैं। तीखे, खट्टे, चटपटे, अधिक नमकीन, मिठाईयां आदि पदार्थों राजसिक भोजन में आते हैं। लहसुन, प्याज, मांस-मछली, अंडे आदि जाति से ही अपवित्र होते हैं और इनकी गिनती तामसिक भोजन में होती है मतलब राक्षसी प्रवृति के भोजन कहलाते हैं।

जैन केवल सात्विक भोजन करते हैं। वो प्याज-लहसुन नहीं खाते। इसके अलावा ये वैसी सब्जियां भी नहीं खाते जो जमीन के अंदर होती हैं। मतलब वे जड़ जो सब्जियों का ही रुप होती हैं। जैन लोगों का मानना है कि प्याज-लहसुन तासमिक भोजन है मतलब ये राक्षसी प्रवृति के भोजन होते हैं जिसके कारण इन्हें ग्रहण करने से इंसानों की सोच भी राक्षसों की तरह हो जाती है। इस कारण ये लोग अपने भोजन में इन दो चीजों का इस्तेमाल बिल्कुल भी नहीं करते। आयुर्वेद में भी प्याज-



लहसुन खाने की मनाही है। आयुर्वेद में खाद्य पदार्थों को तीन श्रेणियों में बांटा जाता है- सात्विक, राजसिक और तामसिक।

### कंदमूल से भी रहते हैं दूर



प्याज-लहसुन के अलावा जैन वे सब्जियां भी नहीं खाते जो जमीन के अंदर पैदा होती हैं। इन सब्जियों को कंदमूल कहते हैं। जैनियों का मानना है कि जमीन के नीच उगने वाली सब्जियों में कई सारे बैक्टिरिया और जीवाणु होते हैं जो हमें नग्न आंखों से नहीं दिखते। ऐसे में जब वे ये सब्जियां खाते हैं तो इन सूक्ष्म जीवों को भी खा लेते हैं जो एक तरह से अहिंसा ही होती है। जबकि जैनियों के जीवन का सबसे बड़ा धर्म और मार्ग है- 'अहिंसा परमो धर्म'।


### नहीं खाने का कारण

जमीकंद खाद्य पदार्थों में अनंत जीव पाए जाते हैं। उसका कारण ये है कि जमीन के अंदर सूर्य की किरणें नहीं पहुँच पातीं, जिसके कारण से वह सामान्य फल, सब्जियों की तरह शुद्ध( जीव रहित ) नहीं हो पाता। आपने

# बॉक्स ऑफिस की सफलता से स्वादि कुछ भी नहीं, 2023 के शानदार सफर पर बोले आयुष्मान खुराना

### ड्रीम गर्ल 2 की निर्माता एकता कपूर को दिया धन्यवाद

ड्रीम गर्ल 2 की सफलता को लेकर अभिनेता ने कहा, साल 2023 मेरे लिए शानदार था। इस साल रिलीज हुई मेरी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 सुपरहिट रही है। उन्होंने कहा, बॉक्स ऑफिस की सफलता से ज्यादा स्वादिष्ट कुछ भी नहीं है। मुझे एक ऐसी ही फिल्म का इंतजार था। मेरी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सौ करोड़ का आंकड़ा पार किया है, जिसे मैं हमेशा याद रखूंगा। एक अभिनेता हर शुक्रवार को जीते और मरते हैं और मुझे खुशी है कि मैं ड्रीम गर्ल 2 की रिलीज के शुक्रवार का जश्न मना सका। मैं इस फिल्म की निर्माता एकता कपूर, निर्देशक राज शांडिल्य को एक ऐसी फ्रेंचाइजी देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।



आयुष्मान खुराना अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों पर राज करते हैं। अभिनेता हालिया रिलीज फिल्म ड्रीम गर्ल 2 की सफलता का आनंद ले रहे हैं। इस फिल्म ने आयुष्मान के करियर को नया पंख दिया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में आयुष्मान ने अपने साल 2023 के शानदार सफर पर बात की। इसके अलावा उन्होंने यूनिसेफ के राष्ट्रीय राजदूत नियुक्त किए पर अपनी राय व्यक्त की और ड्रीम गर्ल 2 के निर्माता और टीम को धन्यवाद कहा।

**साल 2023 ने दिया प्यार और सम्मान**

एक बातचीत के दौरान आयुष्मान ने साल 2023 के शानदार सफर पर बात करते हुए कहा कि उनका यह साल बहुत खास रहा है। उन्होंने कहा, मेरा यह साल पेशेवर तौर पर बहुत खास रहा है, इस साल ने मुझे बहुत प्यार और सम्मान दिया है। मेरी सिनेमाई पसंद के लिए टाइम मैगजीन ने फिर से सम्मानित किया, जोकि मेरे लिए वास्तव में विनम्र था। वहीं, भारत के लिए यूनिसेफ के राष्ट्रीय राजदूत नियुक्त किए पर आयुष्मान ने कहा, मुझे गर्व है कि मैंने विश्व स्तर आयोजित एक कार्यक्रम में भारत और भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व किया।

**दो बार टाइम द्वारा सम्मानित किए जाने पर कही यह बात**

अभिनेता ने बातचीत को आगे बढ़ाते हुए कहा, %मुझे बहुत खुशी हुई कि हमारी संस्कृति और हमारा सिनेमा जोर-शोर से दुनिया के हर कोने में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। तीन साल में दो बार टाइम द्वारा पहचाना जाना मेरे लिए अविश्वसनीय है। मुझे खुशी है कि वे मानते हैं कि मेरा काम सामाजिक परिवर्तन और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहा है।

## एक बार फिर डेविड और वरुण धवन की जोड़ी करेगी दर्शकों का मनोरंजन!



निर्देशक डेविड धवन अपनी फिल्मों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते रहते हैं। मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नंबर 1 जैसी सुपरहिट फिल्मों से पिता-पुत्र की जोड़ी ने दर्शकों के दिलों में एक अलग जगह बनाई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक बार फिर अपनी चौथी फिल्म के साथ वरुण धवन और डेविड धवन दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। बताया जा रहा है कि ये पिता-पुत्र की जोड़ी अप्रैल 2024 से अपनी नई फिल्म शुरू करने जा रही हैं।

**लव लाइफ पर आधारित होगी फिल्म**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, डेविड अपने बेटे वरुण के साथ काम करने के लिए एक विशेष स्क्रिप्ट पर काम कर रहे थे। आखिरकार उन्हें इस तरह की स्क्रिप्ट मिल गई है, जो परिवारिक और मनोरंजन से भरपूर है। रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म में वरुण धवन के साथ दो अभिनेत्रियां मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, वरुण धवन भी इस फिल्म में अपने पिता के साथ काम करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। बताया जा रहा है कि डेविड की यह फिल्म कॉमेडी फिल्म होगी। यह फिल्म वरुण के किरदार के लव लाइफ पर आधारित होगी।

**भारत ही नहीं विदेश में होगी शूटिंग**

रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म के लिए दो मुख्य अभिनेत्रियों के लिए कास्टिंग चल रही है। निर्माता इस फिल्म के लिए दो ए-लिस्टर्स को साइन करना चाह रहे हैं। इस फिल्म में वरुण धवन के अलावा दो अभिनेत्रियां मुख्य भूमिका में होगी। वहीं, कहा जा रहा है कि कई अनुभवी कॉमेडी कलाकार भी इस फिल्म का हिस्सा होंगे। बताया जा रहा है कि डेविड की इस फिल्म की शूटिंग भारत में ही नहीं विदेश की जाएगी।

**2025 में होगी रिलीज**

बताया जा रहा है कि इस फिल्म का निर्माण रमेश तौरानी द्वारा बैनर टिप्स एंटरटेनमेंट के तहत किया जाएगा। डेविड और वरुण धवन की इस फिल्म की शूटिंग साल 2024 में शुरू होगी। वहीं, इस फिल्म को साल 2025 की शुरुआत में बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्पलवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एवं पहला तल, निधि काम्पलेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार समाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।